हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023

नागपुर, रविवार, 21 सितंबर 2025 | अंक 337/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

● डॉ. श्री बालाजी तांबे (संतूलन आयुर्वेदिक)
● श्री स्वागत तोडकर ● तन्वी हर्बल क्लिनिक

इनकी दवाईयाँ उपलब्ध तथा Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

----- विशेष उपचार -----

वात, जोडों का दर्द, सुजन, लखवा, नसो में अकडन, हड्डीयों मे (Fluid Liquid) कम हो जाना, डायबिटीज से परेशान, B.P. (Heart) , पेट कि समस्या, पाईल्स, बालों की समस्या, समस्त स्त्री रोग, आदि सभी जटील रोगों पर विशेष उपचार।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

सभी प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक कम्पनियो की दवाईयाँ तथा सभी प्रकारकी काष्ट औषधिया, दिव्य वनौषधी, जडीबुटीयाँ तथा उनके पावडर मिलने का विश्वषनिय स्थान।

## भारत- पाक आज फिर आमने-सामने



**दुबई.** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 में सुपर-चार का मुकाबला आज रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होना है. भारतीय समयानुसार ये मुकाबला रात 8 बजे से खेला जाएगा. भारतीय टीम ने ग्रुप-मुकाबले में पाकिस्तानी टीम को सात विकेट से धूल चटाई थी. अब सूर्या ब्रिगेड उसी तरह का प्रदर्शन इस मैच में भी करना चाहेगी. पाकिस्तानी टीम मैनेजमेंट चाहती है कि खिलाड़ी मैच से पहले किसी तरह की बाहरी हलचल और सवाल-जवाब से दूर रहें. साथ ही मानसिक रूप से मजबूत बने रहें. इसी वजह से मोटिवेशनल स्पीकर को टीम से जोड़ा गया है, ताकि खिलाड़ियों को मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास मिल सके. डॉ. राहील करीम का काम पाकिस्तानी खिलाड़ियों को मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास और मैच के दबाव को झेलने की ट्रेनिंग देना होगा. पेज 7 भी देखें




## 'एच-1बी वीजा के नए नियम से मुश्किलें आएंगी

**नई दिल्ली.** अमेरिकी ट्रंप प्रशासन द्वारा एच-1बी वीजा के सख्त नियमों को लेकर भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी किया है. विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार ने इन रिपोर्टों को देखा है और इसके पूरी तरह प्रभावों का अध्ययन किया जा रहा है. भारतीय उद्योग ने भी प्रारंभिक विश्लेषण जारी कर एच-1बी कार्यक्रम से जुड़ी कुछ भ्रांतियों को स्पष्ट किया है. एमईए ने कहा कि भारत और अमेरिका की दोनों इंडस्ट्रीज इनोवेशन और रचनात्मकता में निवेश रखती हैं और भविष्य के लिए सर्वश्रेष्ठ रास्ते पर परामर्श कर सकती हैं. विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि कुशल कर्मचारियों की आवाजाही और अनुभव साझा करना दोनों देशों की तकनीकी प्रगति, नवाचार, आर्थिक विकास, प्रतिस्पर्धा और संपत्ति निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है. इस कारण नीति निर्माता हालिया कदमों का मूल्यांकन करते समय दोनों देशों के आपसी लाभ और मजबूत लोगों-के-लोग संबंधों को ध्यान में रखेंगे. एमईए ने चिंता जताते हुए कहा कि नए नियमों से मुश्किलें आएंगी और इसका परिवारों पर मानवीय असर पड़ सकता है. प्रवक्ता ने कहा कि एच-1बी वीज़ा पर काम कर रहे पेशेवरों और उनके परिवारों के जीवन में उत्पन्न अस्थिरता को कम करना आवश्यक है. भारत सरकार आशा करती है कि ट्रंप प्रशासन और अमेरिकी अधिकारियों इस व्यवधान का उचित समाधान निकालेंगे, ताकि पेशेवर और उनके परिवार अनावश्यक परेशानी का सामना न करें.

## ट्रंप के फैसले पर भारत ने जताई चिंता

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि वीज़ा की अवधि के हर तीन वर्षों के लिए हर साल 100,000 अमेरिकी डॉलर का खर्च आएगा, लेकिन इसके विवरण पर अभी भी विचार किया जा रहा है. न्यूयॉर्क स्थित प्रतिष्ठित एमिग्रेशन वकील साइरस मेहता ने कहा कि भारत में अभी भी रह रहे एच-1बी धारकों ने शायद डेडलाइन को खो दिया है, क्योंकि भारत से कोई सीधी उड़ान समय पर वहां नहीं पहुंच पाएगी. उन्होंने एक्स पर लिखा, 'जो एच-1बी वीजा होल्डर्स व्यवसाय या छुट्टियों के लिए अमेरिका से बाहर हैं, वे 21 सितंबर की मध्यरात्रि से पहले एंट्री नहीं कर पाए तो वे फंस जाएंगे. भारत में अभी भी एच-1बी वीजा धारक शायद डेडलाइन से पहले ही चूक गए होंगे, क्योंकि भारत से सीधी उड़ान का समय पर पहुंचना मुमकिन नहीं है.' उन्होंने आगे कहा कि एक लाख डॉलर के भारी भरकम एच-1बी वीजा फीस का मकसद इस प्रोग्राम के गलत इस्तेमाल को रोकना और आईटी सेक्टर की बड़ी कंपनियों को विदेशियों, जिनमें अधिकतर भारतीय हैं, को अपने यहां लाने से रोकना है. उन्होंने एच-1बी प्रोग्राम की आलोचना करते हुए कहा है कि इस कदम से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा, भारतीय अर्थव्यवस्था को नहीं.



**एच-1बी वीजा के लिए अब 88 लाख रुपये फीस:** बता दें कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी एच-1बी वीजा के लिए फीस को अब एक लाख अमेरिकी डॉलर यानी करीब 88 लाख रुपये करने का ऐलान किया है. ट्रंप की तरफ से लिए गए फैसले के बाद मौजूदा वीजा होल्डर्स समेत एच-1बी कर्मचारियों को रविवार से अमेरिका में एंट्री लेने से रोक दिया जाएगा, जब तक कि उनकी कंपनी कर्मचारी के लिए 100,000 अमेरिकी डॉलर की सालाना फीस का भुगतान नहीं करेगी.

**रविवार तक की डेडलाइन तय:** यात्रा प्रतिबंध और फीस की जरूरत रविवार को रात 12:01 बजे ईडिटी (भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे) के बाद अमेरिका में दाखिल होने वाले किसी भी एच-1बी होल्डर पर लागू होगी. आदेश में कहा गया है कि नए एच-1बी और वीजा एक्सटेंशन के लिए एक लाख अमेरिकी डॉलर का भुगतान करना होगा और उसके बाद उसे जारी रखने के लिए हर साल 1,00,000 अमेरिकी डॉलर का भुगतान करना होगा.

आदेश में कहा गया है, 'यह ऐलान गृह सुरक्षा विभाग को व्यक्तिगत विदेशी नागरिकों, किसी विशेष कंपनी में काम करने वाले विदेशी नागरिकों, या किसी विशिष्ट उद्योग में काम करने वाले विदेशी नागरिकों के लिए प्रतिबंध में छूट देने की इजाजत देता है, अगर एजेंसी के हिसाब से एच-1बी राष्ट्रीय हित में पाया जाता है और अमेरिकी सुरक्षा या कल्याण के लिए खतरा पैदा नहीं करता है.' पेज 4 भी देखें

## उधमपुर मुठभेड़ में एक जवान शहीद

### > सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच फायरिंग जारी



**जम्मू.**

कश्मीर के उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया. सर्च ऑपरेशन उधमपुर के ऊंचाई वाले क्षेत्र में चलाया जा रहा है. इसी दौरान आतंकियों ने सेना पर फायरिंग कर दी, जिसमें एक जवान घायल हो गया. जवान को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां वह शहीद हो गया. अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार देर शाम उधमपुर के डूडू-बसंतगढ़ क्षेत्र और डोडा के भद्रवाह में सेओज धार वन सीमा पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था. यह ऑपरेशन सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने मिलकर शुरू किया था. सर्चिंग के दौरान आतंकवादियों ने गोलीबारी की जिसमें एक जवान घायल हो गया. उन्होंने बताया कि जवान को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई. अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल के आसपास के इलाके में रात में कड़ी घेराबंदी की गई. शनिवार सुबह संयुक्त तलाश अभियान फिर से शुरू किया गया. वन क्षेत्र में दो से तीन आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका है. अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन और डॉग स्कॉड की मदद से सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है. आतंकियों की तलाश में एक ऑपरेशन किश्तवाड़ में भी चलाया गया, जहां शुक्रवार रात से आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी है. हालांकि अभी तक आतंकवादियों का कोई सुराग नहीं मिला है. सेना और सुरक्षाबलों के पास इनपुट के उधमपुर इलाके में जैश के 2 से 3 आतंकी छिपे हुए हैं. इसी इनपुट के आधार पर सेना पूरे इलाके में सर्च अभियान चला रही है. अधिकारियों की माने तो ये आतंकी पिछले लंबे समय में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे. हालांकि सुरक्षाबलों ने उनकी कोशिशों को नाकाम कर दिया है. इस सर्च ऑपरेशन के दौरान ही पुलिस ने भी श्रीनगर समेत घाटी के 8 ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया है.

## दिल्ली के कई स्कूलों को मिली बम की धमकी, मची अफरा-तफरी



**नई दिल्ली.** दिल्ली में एक बार फिर कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. शनिवार की सुबह दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारका, सर्वोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुतुब मीनार और नजफगढ़ के कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल को धमकी भरा मेल आया था. स्कूल मैनेजमेंट ने जैसे ही मेल देखा, तुरंत एक्शन लेते हुए स्कूल कैंपस खाली कराया गया. सुबह 7.00 बजे से ही बच्चे और स्टाफ स्कूल में पहुंच चुके थे. ऐसे में बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया. स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को कॉमन एरिया में इकट्ठा कर लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई. मामला संज्ञान में आते ही बम स्क्वॉड, फायर डिपार्टमेंट और दिल्ली पुलिस की टीमें अलग-अलग स्कूल कैंपस में पहुंचीं और जांच पड़ताल शुरू कर दी. हालांकि, अभी तक कुछ संदिग्ध नहीं मिला है. सर्च ऑपरेशन जारी है.

दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकी भरे मेल आने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. लगातार कई महीनों से कुछ दिनों के अंतराल पर ऐसी खबरें आ रही हैं कि स्कूलों को मेल या फोन के माध्यम से धमकियां दी जा रही हैं. हर बार बच्चों को स्कूल कैंपस से बाहर निकाला जाता है. स्कूल बंद करवाए जाते हैं और उनकी पढ़ाई को नुकसान होता है. हर बार पुलिस की टीमें परिसर की सघन जांच करती हैं. अभी तक गनीमत रही कि ये सभी धमकियां फर्जी निकली हैं. साइबर सेल लगातार ई-मेल ट्रैक कर धमकी भेजने वाले का पता लगाने की कोशिश करती हैं. इस बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी कई सवाल खड़े होते हैं.

## पुलिस और गोगी गैंग के शूटरों की मुठभेड़

**रोहिणी.** सेक्टर-24 के बुद्ध विहार थाना क्षेत्र में विशेष पुलिस टीम की गोगी गैंग से जुड़े कुख्यात अपराधियों से जमकर मुठभेड़ हुई। इसके साथ ही पुलिस ने गौ रक्षक दल के एक प्रमुख सदस्य के निवास पर किए गए हमले को नाकाम कर दिया। पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार, विशेष सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बांके बिहारी मंदिर के पास सुबह करीब 2:40 बजे एक सफेद स्विफ्ट कार को रोका। इसी बीच संदिग्धों ने भागने की कोशिश की, जिनकी पहचान लल्लू (उर्फ आशरू), इरफान और नितेश के रूप में की गई है। कथित तौर पर गैंग का दबदबा स्थापित करने के लिए निवास पर गोलीबारी करने की योजना बनाई थी। पुलिस ने बताया कि लल्लू (23 वर्ष) गोगी गैंग का सहयोगी और नस्सरू गैंग का मुखिया है।

उसने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक हिंसक हमले का वीडियो प्रसारित किया था ताकि लोगों पर धौंस जमा सके। जब पुलिस ने कार को रुकने का इशारा किया, तो कार सवारों ने भागने की कोशिश में पुलिस की बोलेरो गाड़ी में टक्कर मार दी। इसके बाद संदिग्ध कार से उतरे और पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इस हमले का पुलिस ने त्वरित जवाब दिया। इस गोलीबारी में पुलिस ने छह राउंड फायर किए जबकि आरोपियों ने 6-7 राउंड दागे। दो संदिग्धों लल्लू और इरफान (21 वर्ष) को पैरों में गोली लगी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## देवेंद्र फडणवीस सरकार का बड़ा कदम

### छगन भुजबल समेत 7 नेताओं को दी जिम्मेदारी



**मुंबई.** महाराष्ट्र के नाशिक में साल 2027 में होनेवाले सिंहस्थ महाकुंभ के लिए देवेंद्र फडणवीस सरकार ने मंत्री समिति गठित की है. महाराष्ट्र सरकार ने 2027- 28 में होने वाले महाकुंभ के लिए राज्य सरकार के सात मंत्रियों की एक समिति का गठन किया है, बीजेपी नेता और मंत्री गिरीश महाजन को कुम्भ मेला मंत्री एवं समिति का प्रमुख बनाया गया है. इसके अलावा अन्य 6 सदस्य मंत्रियों के नाम इस प्रकार हैं.

छगन भुजबल, दादा भूसे, उदय सामंत, जयकुमार रावल, एडवोकेट मणिकराव कोकाटे, शिवेंद्रसिंह भोसले. प्रयागराज में महाकुंभ की समाप्ति के बाद से ही महाराष्ट्र के नाशिक में आयोजित होने वाले सिंहस्थ कुंभ की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं. महाराष्ट्र से करीब 25 अधिकारी महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में 4-5 दिन रहे थे, वहां से लिए गए अनुभवों को वो नाशिक कुंभ में इस्तेमाल करेंगे. राज्य सरकार कुंभ की तैयारियों को काफी गंभीरता से ले रही है और इसके लिए बजट में किसी तरह की कमी न होने का दावा कर रही है. नाशिक सिंहस्थ कुंभ में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है.

इस पवित्र मेले में लोग बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हैं. इस बार सिंहस्थ कुंभ में 12-14 करोड़ भक्तों के आने की उम्मीद जताई जा रही है. इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर इंतजाम किए जाएंगे. रेलवे स्टेशन पर खास इंतजाम कर भीड़ को नियंत्रित किया जाएगा. वहीं एयरपोर्ट पर भी ज्यादा फ्लाइट के उतरने की व्यवस्था की जाएगी. इसके अलावा गाड़ियों की पार्किंग को लेकर बेहतर इंतजाम किए जाएंगे.

## कुड़मी समाज ने किया ट्रेनों को रोकने का ऐलान

**रांची.** झारखंड के रांची जिले में मुरी, राय, टाटीसिलवे और मेसरा स्टेशन पर रेल परिचालन ठप कराया जाएगा. रामगढ़ जिले में बरकाकाना, रामगढ़ कैंट, मायल और गोला स्टेशन ठप कराए जाएंगे. हजारीबाग में चरही स्टेशन, बोकारो में चंद्रपुरा और जगेश्वर विहार स्टेशन, गिरिडीह में पारसनाथ स्टेशन, धनबाद में प्रधानखांटा स्टेशन, सरायकेला खरसावां में गम्हरिया, सीनी एवं नीमडीह स्टेशन और पूर्वी सिंहभूम में गालूडीह और चाकुलिया स्टेशन ठप कराये जायेंगे. गोड्डा स्टेशन और दुमका में हंसडीहा स्टेशन ठप कराये जाएंगे. पुलिस के जवान हथियार के अलावा टीयर गैस से लैस रहेंगे. रेलवे स्टेशन के 300 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की गयी है, जो 19 सितंबर 2025 की रात्रि 8 बजे से 21 सितंबर की सुबह 8 बजे तक लागू रहेगी.

## अफ्रीका में बजा स्वदेशी हथियारों का डंका

### टाटा का 'डब्लूएचपीए' प्लांट बनकर तैयार, राजनाथ सिंह करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली.** स्वदेशी हथियारों का डंका अब विदेश में बजने जा रहा है. उत्तरी अफ्रीकी देश मोरक्को में टाटा कंपनी का इन्फेंट्री कॉम्बेट व्हीकल (व्हैप) का प्लांट तैयार हो गया है. रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय दौरे पर मोरक्को जा रहे हैं. इस दौरान राजनाथ सिंह, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) के इस प्लांट का उद्घाटन भी करेंगे. ये भारत का किसी दूसरे देश में पहला हथियारों का प्लांट है. राजनाथ सिंह, मोरक्को के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लौदियी के आमंत्रण पर मोरक्को की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा करेंगे.

यह भारतीय रक्षा मंत्री की उत्तरी अफ्रीकी देश की पहली यात्रा होगी, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग को रेखांकित करती है. रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि इस यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण टीएएसएल का मोरक्को के बेरेचिड (कैसाब्लांका) में व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म (डब्ल्यूएचएपी यानी व्हैप) 8x8 के नए विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन होगा. यह संयंत्र अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत भारत के रक्षा उद्योग की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति का परिचायक है. सितंबर 2024 में मोरक्को के रक्षा मंत्रालय ने टीएएसएल से व्हैप बख्तरबंद गाड़ियों को बनाने का करार किया था.

## पीएम ने मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल का इनॉगरेशन किया

**मुंबई.** पीएम मोदी ने शनिवार को गुजरात के भावनगर से वर्चुअली मुंबई के अत्याधुनिक क्रूज टर्मिनल का इनॉगरेशन किया। यह देश का सबसे बड़ा क्रूज टर्मिनल है। इसे इंदिरा डॉक, बैलार्ड पियर, मुंबई पोर्ट पर बनाया गया है। इसे मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल नाम दिया गया है। लागत 556 करोड़ रुपए आई है। यह भारतीय क्रूज टूरिज्म का गेटवे कहलाएगा। इसकी छत समुद्र की लहरों की तरह डिजाइन की गई है। केंद्रीय पोत, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, "मुंबई का समुद्री इतिहास बेहद समृद्ध है और यह टर्मिनल भारत को वैश्विक क्रूज पर्यटन हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।" सरकार ने इस टर्मिनल को क्रूज भारत मिशन के तहत वैश्विक मानकों के तहत विकसित किया गया है।

## मोदी बोले- दूसरे देशों पर निर्भरता हमारी सबसे बड़ी दुश्मन

### यह आत्मसम्मान को चोट पहुंचाता है; 100 दुखों की एक दवा आत्मनिर्भर भारत



**भावनगर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को एक दिन के गुजरात दौरे पर पहुंचे। उन्होंने भावनगर में करीब 35 मिनट तक जनता को संबोधित किया। पीएम ने विकसित भारत, कानूनों में बदलाव और आत्मनिर्भर भारत का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि भारत आज विश्व बंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई दुश्मन नहीं है। सच में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वो है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता।

हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन को हराना है। दूसरों पर निर्भर रहेंगे तो हमारे आत्मसम्मान को चोट पहुंचेगी। हम भावी पीढ़ी के भविष्य को दांव पर नहीं लगा सकते, इसलिए कहते हैं 100 दुखों की एक दवा, वो है आत्मनिर्भर भारत। पीएम सुबह 10 बजे भावनगर पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने एयरपोर्ट से जवाहर ग्राउंड तक रोड शो किया। 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में सौराष्ट्र और गुजरात में 34,200 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का वर्चुअली उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये योजनाएं पोर्ट्स, शिपिंग एंड वाटरवेज मंत्रालय, गुजरात मैरीटाइम बोर्ड और अन्य राज्यों के समुद्री बोर्ड से जुड़ी हुई हैं।

भारत को अगर 2047 तक विकसित होना है तो आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। आत्मनिर्भर होने के अलावा हमारे पास कोई विकल्प नहीं है।

140 करोड़ देशवासियों को एक संकल्प लेना चाहिए कि चिप हो या शिप, हमें भारत में ही बनानी है। अब बिजनेस और कारोबार को और सरल करना है। मानसून सेशन के दौरान संसद में हमने कई पुराने कानूनों को बदला है जो अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे हैं। मैरीटाइम सेक्टर में रिफॉर्म किया है। इन कानूनों के आने से शिपिंग सेक्टर में बड़ा बदलाव आने वाला है।

### देश को आत्मनिर्भर रहना पड़ेगा

❍ भारत आज विश्व बंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई दुश्मन नहीं है। सच में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वो है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता। यह हमारा दुश्मन है। हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन को हराना है। हमें यह बात हमेशा दोहराना है जितनी ज्यादा विदेशी निर्भरता, उतनी ज्यादा देश की विफलता। दुनिया में शांति स्थिरता और समृद्धि के लिए दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को आत्मनिर्भर रहना पड़ेगा। दूसरों पर निर्भर रहेंगे तो हमारे आत्मसम्मान को चोट पहुंचेगी। हम भावी पीढ़ी के भविष्य को दांव पर नहीं लगा सकते इसलिए कहते हैं 100 दुखों की एक दवा, वो है आत्मनिर्भर भारत।

### कांग्रेस ने कौशल को नजरअंदाज किया

❍ भारत में कौशल की कमी नहीं है, लेकिन आजादी के बाद कांग्रेस ने इसे नजरअंदाज किया। छह-सात दशकों तक भारत वो सफलता हासिल नहीं कर सका जिसके हम हकदार थे। इसके दो बड़े कारण थे, लंबे समय तक कांग्रेस सरकार ने देश को लाइसेंस कोटा राज में लटकाए रखा। जब ग्लोबलाइजेशन का दौर आया तो इम्पोर्ट का रास्ता पकड़ लिया, उसमें भी करोड़ों के घोटाले कर दिए। देश के नौजवानों का बहुत नुकसान किया। इन नीतियों ने भारत की असली ताकत को सामने आने से रोक दिया। साथियों देश का कितना नुकसान हुआ, इसका उदाहरण हमारा शिपिंग सेक्टर है। भारत सदियों से एक समुद्री ताकत था। हम शिप बिल्डिंग के सेंटर हुआ करते थे।

CMYK

# जीएसटी बदलाव का असर

## > बाजार में बढ़ी गतिविधि

**नई दिल्ली.**




जीएसटी की नई दरें लागू होने से पहले आइसक्रीम से लेकर साबुन और शैम्पू तक, कंज्यूमर प्रोडक्ट्स सस्ती कीमतों पर दुकानों में दिखने लगे हैं. ब्रांड्स और रिटेलर्स लास्ट मिनट स्टॉकिंग की रेस से बचना चाहते हैं और पॉजिटिव कंज्यूमर ट्रेंड्स का फायदा उठाना चाहते हैं. रिटेलर्स तेजी से अपनी दुकानों को एफएमसीजी प्रोडक्ट्स से भर रहे हैं.

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस हफ्ते कहा था कि जीएसटी चेंजेस के बाद 12% स्लैब वाले 99% सामान अब 5% स्लैब में आ जाएंगे. इसमें बटर, पनीर, मिठाइयां और नमकीन स्नैक्स शामिल हैं.

बिस्किट्स, आइसक्रीम, साबुन और टूथपेस्ट जैसे कई प्रोडक्ट्स पर भी 18% की जगह 5% टैक्स लगेगा. हालांकि न्यू टैक्स रेट्स सोमवार से लागू होंगे, लेकिन कंपनियां पहले से ही टैक्स का डिफरेंस खुद बेयर करके रिटेलर्स को प्रोडक्ट्स भेज रही हैं. आइसक्रीम ब्रांड बास्किन रॉबिन्स के ओनर ग्रेविस फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ मोहित खट्टर ने कहा कि हमारे सारे बिल्स अब 5% जीएसटी पर शिफ्ट हो गए हैं.

रिपोर्ट में किराना उत्पाद निर्माताओं ने कहा कि उन्होंने वितरकों और खुदरा दुकानों को चुनिंदा कम कीमत वाले उत्पाद भेजना शुरू कर दिया है.

एक पर्सनल केयर कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि कम कीमत वाले हमारे कुछ बड़े पैक पहले से ही खुदरा विक्रेताओं के पास दिखाई दे रहे हैं, और हम हफ्ते के आखिरी में इसे और बढ़ा देंगे. उन्होंने आगे कहा कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि 22 सितंबर की सुबह कम कीमत वाले हमारे उत्पाद दुकानों में उपलब्ध हों. उन्होंने कहा कि इन उत्पादों का बिल नई जीएसटी दरों पर दिया जा रहा है, और हम कम से कम कुछ हद तक अंतर को माफ करने को तैयार हैं.

प्रॉक्टर एंड गैंबल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लॉरियल, आईटीसी और ब्रिटानिया जैसी कंपनियों ने अखबारों में विज्ञापनों के माध्यम से या इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से नई कीमतों की घोषणा की है.

पीएंडजी ने अपने हेड एंड शोल्डर्स और पैंटीन शैम्पू ब्रांड, पैम्पर्स डायपर, जिलेट शेविंग क्रीम, ओल्ड स्पाइस डिओडोरेंट और विक्स डिकंजेस्टेंट की कीमतें कम कर दी हैं. एचयूएल ने डव और क्लिनिक शैम्पू, ब्रू कॉफी, किसान जैम, लक्स और लाइफबॉय साबुन की कीमतें कम कर दी हैं.

### बिक्री में बढ़ोत्तरी की उम्मीद

क्विक-कॉमर्स और ई-कॉमर्स कंपनियों ने भी पहले कदम उठाने का लाभ उठाने के लिए विभिन्न श्रेणियों में बिक्री और छूट की शुरुआत की है. क्विक-डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी इंस्टामार्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमितेश झा ने कहा कि वह शनिवार से कई उत्पादों पर छूट देकर जीएसटी बचत का लाभ जल्दी उठा रहे हैं. त्वरित-वाणिज्य क्षेत्र में देर से प्रवेश करने वाली कंपनी, अमेजन नाउ, अपने ऐप पर दैनिक आवश्यक वस्तुओं पर '25,000 रुपये की वार्षिक बचत' अभियान और 200 रुपये तक के कैशबैक चला रही है.

# एप्पल से अमेज़न तक, वीज़ा बैन का पड़ेगा असर

**नई दिल्ली.**




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अपने फैसले से दुनिया में हलचल मचा दी है. पहले टैरिफ और अब एच-1 बी वीजा पर लगाई गई 1 लाख डॉलर एक्स्ट्रा फीस ने कई कंपनियों की चिंता बढ़ा दी है. इन कंपनियों में सिर्फ विदेशी ही नहीं, बल्कि अमेरिकी कंपनियां भी शामिल हैं.


इतना ही नहीं, ट्रंप के फैसले ने अमेरिका में नौकरी करने का सपना देखने वाले लोगों को राह मुश्किल कर दी है. दरअसल, एच-1 बी वीजा के जरिए हाई स्किल वाले विदेशी कर्मचारियों को अमेरिका में नौकरी के लिए बुलाया जाता है. अब इस वीजा के लिए करीब 88 लाख रुपए फीस बढ़ा दी है. यह तय किया गया है कि जब तक 1,00,000 डॉलर का भुगतान न किया जाए, तब तक एच-1 बी कर्मचारी अमेरिका में प्रवेश नहीं कर पाएंगे. वीजा के लिए बढ़ी हुई फीस अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी टेक दिग्गजों को पर असर डालेगी.

टेक कंपनियां एच-1 बी वीजा का सबसे ज्यादा फायदा लेती हैं. जून 2025 तक अमेजन के 10,044 कर्मचारी एच-1 बी वीजा पर थे. दूसरे स्थान पर टीसीएस थी. इसके बाद माइक्रोसॉफ्ट, मेटा, एप्पल, गूगल, डेलॉइट, इन्फोसिस, विप्रो और टेक महिंद्रा अमेरिका जैसी कंपनियों के हजारों कर्मचारी एच-1 बी वीजा पर हैं. एच-1 बी में टेक कर्मचारियों की हिस्सेदारी करीब 65 प्रतिशत से ज्यादा है. ट्रंप प्रशासन कहना है कि इन कंपनियों ने एक तरफ अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला और दूसरी तरफ एच-1 बीभर्ती बढ़ाई है. आईटी कंपनियों ने एच-1 बी सिस्टम का दुरुपयोग किया है, जिससे अमेरिकी कर्मचारियों को बड़ा नुकसान हुआ है. ऐसा करने से कंपनियों को भारी बचत होती है.

क्योंकि एच-1 बी वीजा पहले से ही महंगे हैं. हर वीजा की लागत पहले ही 1,700 से 4,500 डॉलर के बीच होती है. मतलब जितना जल्दी वीजा चाहिए उतनी ज्यादा फीस देना होगी. एच-1 बी वीजा होने वाला खर्च आमतौर पर कंपनियां उठाती हैं और यह उसके लिए व्यापार खर्च माना जाता है. यह आदेश 21 सितंबर से लागू होगा और यकीनन यह कंपनियों पर ज्यादा बोझ डालेगा. खासतौर पर इस बोझ से वो कंपनियां ज्यादा प्रभावित होंगी, जो टेक्नोलॉजी और आईटी सेक्टर में विदेशी कर्मचारियों को ज्यादा नौकरियां देती हैं.

# फोनपे की बाजार में पकड़ मजबूत, डिजिटल लेनदेन होंगे और आसान

**नई दिल्ली.**




भारतीय रिजर्व बैंक ने ऑनलाइन पेमेंट की सर्विस प्रोवाइड कराने वाली फिनटेक कंपनी फोनपे को दिवाली से पहले बड़ा गिफ्ट दिया है. आरबीआई ने फोनपे को ऑनलाइन एग्रीगेटर के तौर पर मंजूरी दे दी है. इसके बाद से यह कंपनी अब दुकानदारों और बिजनेसमैन को आसानी से पेमेंट कलेक्ट करने और उन्हें सेटल करने की सुविधा प्रोवाइड कराएगी. अभी तक सिर्फ और सिर्फ इसे ऑनलाइन पेमेंट की ही मंजूरी थी.

बीते शुक्रवार को फोनपे को ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर के तौर पर काम करने की अनुमति मिल गई है. जिससे कंपनी छोटे और मध्यम व्यवसायों (एसएमई ) पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने मर्चेंट नेटवर्क का विस्तार कर सकेगीय फोनपे के मर्चेंट बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीबीओ) युवराज सिंह शेखावत ने कहा कि इस एग्रीगेटर के साथ, फोनपे उन व्यवसायों को, विशेष रूप से एसएमई सेगमेंट में बढ़िया सर्विस प्रोवाइड कराने की स्थिति में होगा, जिन्हें पहले बेहतर सेवाएं नहीं मिलती थीं.

इस फैसले के बाद फोनपे को अपने पेमेंट गेटवे को और बढ़ाने में मदद मिलेगी. ये गेटवे मर्चेंट्स को तुरंत ऑनबोर्ड करने, डेवलपर्स के लिए आसान इंटीग्रेशन और पेमेंट सक्सेस रेट बढ़ाने के लिए स्मूथ चेकआउट एक्सपीरियंस देता है. 2016 में शुरू हुआ फोनपे भारत की सबसे बड़ी फिनटेक कंपनियों में से एक है. इसके 65 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर्स, 4.5 करोड़ मर्चेंट्स का नेटवर्क और 36 करोड़ से ज्यादा डेली ट्रांजैक्शन्स हैं. इसका पोर्टफोलियो पेमेंट्स, लेंडिंग, इंश्योरेंस डिस्ट्रीब्यूशन, वेल्थ प्रोडक्ट्स, हाइपरलोकल ई-कॉमर्स (पिनकोड) और इंडस ऐपस्टोर तक फैला है. ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर एक ऐसी सर्विस है जो बिजनेसेज (मर्चेंट्स) को अपने कस्टमर्स से ऑनलाइन पेमेंट्स आसानी से स्वीकार करने में मदद करती है. मर्चेंट को जोड़ना- कोई बिजनेस (जैसे ऑनलाइन स्टोर) पेमेंट एग्रीगेटर के साथ साइन अप करता है. एग्रीगेटर मर्चेंट को उनके प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड करता है, जिसमें केवायसी और बिजनेस डिटेल्स की वेरिफिकेशन होती है.

# सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी एस25 एफई और गैलेक्सी बड्स3 एफई

**गुरुग्राम.**

भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज भारत में नया गैलेक्सी एस25 एफई स्मार्टफोन और गैलेक्सी बड्स3 एफई पेश किया। यह स्मार्टफोन पर्सनलाइज़्ड एआई अनुभव और एआई-पावर्ड फोटोग्राफी एवं एडिटिंग टूल्स से लैस है। इसमें 4900 एमएएच की लंबे समय तक चलने वाली बैटरी, मज़बूत आर्मर एल्युमिनियम फ्रेम और बड़े वेपर चैम्बर के साथ स्मूद गेमिंग परफॉर्मेंस मिलती है। 6.7 इंच का डायनेमिक अमोलेड 2 एक्स डिस्प्ले और 120 एचजेड रिफ्रेश रेट यूज़र्स को बेहतरीन और डूबो देने वाला विजुअल अनुभव देता है। गैलेक्सी S25 एफई में गैलेक् सी एआई को वन यूआई 8 और मल्टीमॉडल एआई एजेंट्स के साथ और बेहतर बनाया गया है। अब यूज़र्स आवाज़, टच और विजुअल इनपुट को एक साथ इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे रोज़मर्रा के काम आसान और तेज़ हो जाते हैं। इसमें जेमिनी लाइव, नाउ बार और गूगल का सर्किल टू सर्च जैसे स्मार्ट फीचर्स दिए गए हैं, जो बातचीत को बेहतर बनाते हैं, प्रोडक्टिविटी बढ़ाते हैं और हर दिन के कामकाज को सरल करते हैं।

# ब्लू इकोनॉमी बनेगी विकास की रीढ़

**नई दिल्ली.**



देश जिस विकसित भारत का सपना देख रहा है, उसका रास्ता ब्लू इकोनॉमी से होकर निकलेगा. विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने अपने एक लेख में लिखा है कि ब्लू इकोनॉमी भारत की हरित विकास यात्रा का नया आधार है.

उनके मुताबिक, हमारे पास 11 हजार किलोमीटर लंबा तटीय क्षेत्र और ढाई मिलियन वर्ग किलोमीटर का एक्सक्लूसिव इकोनॉमीक जोन है, जो हमें अपार संभावनाएं देता है. ब्लू इकॉनमी का मतलब है समुद्र से जुड़ा पूरा आर्थिक ढांचा, जिसमें मछली पालन, बंदरगाह, शिपिंग, मरीन बायोटेक्नोलॉजी, नवीकरणीय ऊर्जा और गहरे समुद्र की खोज तक सबकुछ शामिल है. विशेषज्ञ मानते हैं कि यही क्षेत्र आने वाले वर्षों में भारत को समृद्धि और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा.

सरकार ने इस दिशा में कई बड़ी पहल शुरू की हैं. सागरमाला प्रोग्राम बंदरगाहों को आधुनिक बना रहा है और व्यापार को प्रतिस्पर्धी बना रहा है. प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मत्स्य पालन क्षेत्र में ब्लू रिवोल्यूशन ला रही है. हरित सागर गाइडलाइंस बंदरगाहों को ग्रीन बनाने और जीरो कार्बन एमिशन की दिशा में बड़ा कदम है. इसके साथ ही मिशन ओशन के तहत गहरे समुद्र की खोज के लिए मत्स्य 6000 सबमर्सिबल तैयार किया गया है.

डॉ. जितेंद्र सिंह के मुताबिक, ब्लू इकॉनमी सिर्फ संसाधनों के इस्तेमाल की बात नहीं करती, बल्कि समाज को भी सशक्त बनाती है. महिलाओं को सीवीड फार्मिंग और इको-टूरिज्म में नए अवसर मिल रहे हैं. युवाओं को मरीन इंजीनियरिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसी स्किल्स दी जा रही हैं. वहीं स्टार्टअप्स स्मार्ट फिशिंग, ग्रीन पोर्ट लॉजिस्टिक्स और मरीन बायोटेक्नोलॉजी में नए प्रयोग कर रहे हैं.

सीधी बात ये है कि आने वाले सालों में भारत का भविष्य, भारत की समृद्धि और भारत का हरित विकास सब कुछ समुद्र से जुड़ा है. जैसा कि डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है- विकसित भारत का रास्ता यहीं से निकलेगा.

### वैश्विक स्तर पर मजबूत होगा भारत

भारत वैश्विक स्तर पर भी इस दिशा में अपनी भूमिका मजबूत कर रहा है. जी20 की अध्यक्षता के दौरान चेन्नई हाई लेवल प्रिंसिपल्स फॉर सस्टेनेबल ब्लू इकॉनमी लॉन्च किए गए. भारत ने बायोडायवर्सिटी एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए. फ्रांस में हुए यूएनओ ओसियन कांफ्रेंस में भारत ने साहव पोर्टल की शुरुआत की, जो वैश्विक स्तर पर कोऑर्डिनेशन और नॉलेज शेयरिंग का बड़ा प्लेटफॉर्म बनेगा.

# ट्रेन में पानी पीना हो गया सस्ता

**नई दिल्ली.**

22 सितंबर से जीएसटी 2.0 लागू होने से पहले भारतीय रेलवे ने प्लेटफार्म पर और ट्रेन में यात्रा के दौरान मिलने वाले रेल नीर की कीमत घटा दी है. पहले 1 लीटर रेल नीर बोतल के लिए ₹15 देना पड़ता था अब 14 रु. देना पड़ेगा. इसके साथ ही आधा लीटर रेल नीर के बोतल के लिए पहले ₹10 देना पड़ता था अब 9 रु.देना पड़ेगा.

रेल मंत्रालय के आधिकारिक बयान में कहा गया कि पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर बोतल रेल नीर की अधिकतम कीमत 1 लीटर पर 15 रु.से घटाकर 14 रु. और 500 एमएल पर 10 रु. से घटाकर 9 रु. कर दी जाएगी. घटी हुई कीमतें 22 सितंबर से लागू हो जाएंगी. रेलवे परिसर और ट्रेनों में बिकने वाली अन्य ब्रांड की पैकेज्ड पानी की बोतलों पर भी यही नए दाम लागू होंगे.

देश में 22 सितंबर से जीएसटी की नई दरें लागू होने जा रही हैं. अब तक मौजूदा जीएसटी व्यवस्था में चार 4 स्लैब थे, जिसमें से 12 और 28 प्रतिशत के स्लैब को खत्म कर दिया है. अब सिर्फ दो ही स्लैब 5% और 18% बचा है. यानी जीएसटी पहले से बहुत सरल और आसान हो गया है. सेस भी खत्म कर दिया है. घर के जरूरी सामान साबुन, टूथपेस्ट, रोटी पर टैक्स घटाकर 5% या 0% कर दिया गया है. जीवन रक्षक दवाइयों पर टैक्स 12% से घटाकर 0% या 5% किया गया, जिससे इलाज सस्ता होगा.

हाल ही में भारतीय रेलवे कैटरिंग और टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आइआरसीटसी) अपने सबसे बड़े रेल नीर प्लांट की उत्पादन क्षमता लगभग दोगुना करने जा रही है. यह प्लांट पश्चिम क्षेत्र में अंबरनाथ, महाराष्ट्र में स्थित है और मुंबई लोकल यात्रियों के साथ-साथ महाराष्ट्र और गुजरात के आस-पास के ट्रेन यात्रियों को पैकेज्ड पानी (रेल नीर) सप्लाई करता है. वर्तमान में यह प्लांट रोजाना लगभग 1.74 लाख लीटर पैकेज्ड पानी बनाता है.

# केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट अडानी को मिला जिम्मा

**अहमदाबाद.**




अडानी एंटरप्राइज़ेज़ लिमिटेड (एईएल) को नेशनल हाइवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) से सोनप्रयाग को केदारनाथ से जोड़ने वाली प्रतिष्ठित रोपवे परियोजना के लिए लेटर ऑफ अवॉर्ड (एलओए) मिला है। इस परियोजना का कार्यान्वयन एईएल के रोड्स, मेट्रो, रेल और वॉटर (आरएमआरडब्ल्यू) विभाग द्वारा किया जाएगा। अदानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने कहा, 'केदारनाथ रोपवे सिर्फ एक इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि यह भक्ति और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के बीच एक कड़ी है। इस पवित्र यात्रा को सुरक्षित, तेज और सुलभ बनाकर हम लाखों श्रद्धालुओं के विश्वास का सम्मान कर रहे हैं और एनएचएलएमएल और उत्तराखंड सरकार के साथ साझेदारी के माध्यम से उत्तराखंड के लोगों के लिए नए अवसर बना रहे हैं। यह प्रतिष्ठित परियोजना हमारे उस संकल्प को दर्शाती है, जो सिर्फ राष्ट्र की सेवा ही नहीं करती, बल्कि लोगों के जीवन को भी बेहतर बनाती है। सिंथॉल साबुन बनाने वाली कंपनी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रबंध निदेशक सुधीर सीतापति ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से उपभोग में थोड़ी नरमी रही है, लेकिन आयकर और जीएसटी उपायों के संयोजन से सभी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा मिलेगा. उन्होंने कहा कि न केवल उन श्रेणियों को लाभ होगा जहां दरों में कमी की गई है, बल्कि उन श्रेणियों को भी लाभ होगा जहां जीएसटी में कमी नहीं की गई है, क्योंकि उपभोग और विवेकाधीन खर्चों पर कुल उपलब्ध खर्च बढ़ जाएगा. कंपनियों ने नए मूल्य टैग के साथ उत्पाद भेजना शुरू कर दिया है.


महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्रलक्ष्मी विकली लॉटरी
सोडत दर शनिवारी | तिकीट किंमत रु. 50/- | सोडत क्र. 38 | सोडत दिनांक 20/09/2025

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 8 लाख — ML-06 : 7533 — जय जलाराम लॉटरीज् - गोरेगाव, प्रिन्स एजन्सी - मुंबई यांचा मार्फत

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 5238 — प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण, श्री गणेश एन्टरप्रायझेस - दादर, मुंबई, श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई

| बक्षिस | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 2345 | 2721 | 3036 | 4261 | 4649 | 7065 | 7556 |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1377 | 1562 | 2946 | 3098 | 4086 | 5110 | 5576 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 2231 | 2693 | 3435 | 5255 | 5636 | 5882 | 6830 |
| सहावे बक्षिस रु. 200/- | 3025 | 3027 | 3985 | 4802 | 5211 | 5288 | 6292 |

सातवे बक्षीस रु.100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1912 | 2400 | 2963 | 3419 | 3916 | 4498 | 5108 | 5541 | 6101 | 6613 | 7020 | 7474 |
| | | 1916 | 2425 | 2972 | 3425 | 3923 | 4500 | 5110 | 5546 | 6116 | 6615 | 7039 | 7487 |
| | | 1928 | 2429 | 2990 | 3426 | 3928 | 4501 | 5115 | 5558 | 6122 | 6618 | 7040 | 7488 |
| 1002 | 1496 | 1931 | 2440 | 2992 | 3435 | 3949 | 4512 | 5128 | 5559 | 6126 | 6621 | 7046 | 7489 |
| 1008 | 1511 | 1940 | 2470 | 3000 | 3443 | 3976 | 4523 | 5130 | 5560 | 6138 | 6625 | 7059 | 7500 |
| 1012 | 1515 | 1981 | 2473 | 3038 | 3465 | 4038 | 4542 | 5139 | 5561 | 6168 | 6628 | 7074 | 7537 |
| 1037 | 1525 | 2010 | 2505 | 3054 | 3521 | 4041 | 4547 | 5150 | 5571 | 6173 | 6629 | 7075 | 7549 |
| 1075 | 1532 | 2023 | 2517 | 3059 | 3538 | 4076 | 4634 | 5154 | 5580 | 6193 | 6638 | 7077 | 7580 |
| 1080 | 1538 | 2032 | 2536 | 3085 | 3539 | 4080 | 4666 | 5158 | 5586 | 6196 | 6643 | 7079 | 7603 |
| 1094 | 1541 | 2096 | 2557 | 3092 | 3543 | 4108 | 4678 | 5163 | 5587 | 6206 | 6656 | 7087 | 7605 |
| 1095 | 1561 | 2118 | 2564 | 3135 | 3582 | 4121 | 4688 | 5182 | 5589 | 6220 | 6660 | 7089 | 7641 |
| 1101 | 1581 | 2121 | 2567 | 3140 | 3583 | 4124 | 4694 | 5185 | 5590 | 6246 | 6661 | 7097 | 7667 |
| 1112 | 1611 | 2127 | 2582 | 3203 | 3603 | 4128 | 4697 | 5205 | 5595 | 6260 | 6666 | 7112 | 7678 |
| 1118 | 1619 | 2132 | 2592 | 3215 | 3630 | 4171 | 4698 | 5209 | 5597 | 6262 | 6671 | 7115 | 7682 |
| 1123 | 1630 | 2133 | 2611 | 3229 | 3638 | 4213 | 4699 | 5226 | 5671 | 6266 | 6684 | 7137 | 7699 |
| 1124 | 1639 | 2162 | 2622 | 3231 | 3647 | 4246 | 4731 | 5238 | 5677 | 6285 | 6692 | 7143 | 7717 |
| 1125 | 1640 | 2163 | 2628 | 3235 | 3663 | 4249 | 4738 | 5250 | 5715 | 6309 | 6693 | 7146 | 7729 |
| 1137 | 1645 | 2170 | 2671 | 3237 | 3698 | 4255 | 4765 | 5251 | 5721 | 6310 | 6696 | 7172 | 7746 |
| 1150 | 1672 | 2182 | 2677 | 3245 | 3720 | 4256 | 4781 | 5257 | 5725 | 6316 | 6699 | 7178 | 7752 |
| 1169 | 1678 | 2193 | 2686 | 3252 | 3724 | 4290 | 4784 | 5265 | 5759 | 6327 | 6718 | 7214 | 7753 |
| 1176 | 1680 | 2206 | 2689 | 3276 | 3733 | 4304 | 4794 | 5282 | 5774 | 6354 | 6734 | 7217 | 7754 |
| 1180 | 1713 | 2207 | 2693 | 3293 | 3736 | 4341 | 4796 | 5312 | 5775 | 6357 | 6790 | 7237 | 7756 |
| 1189 | 1714 | 2218 | 2702 | 3301 | 3748 | 4344 | 4804 | 5319 | 5781 | 6376 | 6803 | 7240 | 7758 |
| 1198 | 1716 | 2242 | 2715 | 3305 | 3749 | 4348 | 4830 | 5343 | 5819 | 6407 | 6805 | 7256 | 7766 |
| 1201 | 1728 | 2251 | 2740 | 3315 | 3753 | 4374 | 4840 | 5344 | 5831 | 6413 | 6809 | 7258 | 7786 |
| 1234 | 1747 | 2256 | 2772 | 3323 | 3781 | 4378 | 4844 | 5355 | 5837 | 6456 | 6814 | 7265 | 7797 |
| 1239 | 1791 | 2260 | 2776 | 3324 | 3815 | 4379 | 4888 | 5389 | 5850 | 6463 | 6844 | 7286 | 7800 |
| 1271 | 1796 | 2275 | 2802 | 3329 | 3836 | 4400 | 4897 | 5391 | 5854 | 6465 | 6850 | 7306 | 7802 |
| 1279 | 1799 | 2276 | 2824 | 3336 | 3839 | 4405 | 4901 | 5405 | 5859 | 6521 | 6851 | 7310 | 7828 |
| 1284 | 1819 | 2281 | 2842 | 3345 | 3845 | 4408 | 4948 | 5411 | 5878 | 6524 | 6862 | 7343 | 7836 |
| 1291 | 1831 | 2285 | 2852 | 3363 | 3854 | 4413 | 4954 | 5412 | 5926 | 6528 | 6866 | 7375 | 7872 |
| 1303 | 1832 | 2287 | 2890 | 3368 | 3857 | 4423 | 4971 | 5420 | 5940 | 6533 | 6867 | 7377 | 7899 |
| 1318 | 1863 | 2289 | 2892 | 3369 | 3870 | 4428 | 4983 | 5440 | 5949 | 6550 | 6869 | 7387 | 7907 |
| 1339 | 1864 | 2290 | 2908 | 3383 | 3873 | 4435 | 4984 | 5450 | 5958 | 6563 | 6895 | 7391 | 7932 |
| 1360 | 1868 | 2305 | 2919 | 3390 | 3877 | 4443 | 5030 | 5457 | 5980 | 6564 | 6904 | 7401 | 7965 |
| 1368 | 1881 | 2326 | 2927 | 3393 | 3883 | 4445 | 5043 | 5491 | 5981 | 6565 | 6906 | 7406 | 7973 |
| 1384 | 1891 | 2328 | 2928 | 3399 | 3893 | 4468 | 5059 | 5506 | 5995 | 6581 | 6960 | 7435 | 7977 |
| 1390 | 1910 | 2339 | 2929 | 3405 | 3901 | 4478 | 5065 | 5523 | 6034 | 6598 | 6996 | 7447 | 7993 |
| 1415 | 1911 | 2357 | 2949 | 3414 | 3915 | 4491 | 5098 | 5536 | 6086 | 6604 | 7007 | 7473 | 7997 |

महाराष्ट्र दसरा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 03.10.2025 — पहिले बक्षीस ₹ 1 करोड (₹ 50 लाखाची x 2 बक्षिसे) — 2 बक्षिसांपैकी किमान 1 बक्षिस हमीपात्र — जिंका फक्त 5 अंकावर — दुसरे बक्षिस ₹ 5 लाख (₹1 लाखाची 5 बक्षिसे) — तिकीटाची किंमत ₹200/-

महाराष्ट्रलक्ष्मी सोडत दिनांक 20/09/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. — प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : /princeagencymah : /princeagencypl : /princeagencymah



निकाल
गणेशलक्ष्मी समृद्धी विकली लॉटरी — सोडत सायं. 5:00 वाजता — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 38 • तिकिट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 20/09/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — MG-07 : 1105

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 2000/- — 0889 | 3382 | 4170 | 5208 | 6017 (महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर)

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1894 | 2370 | 2497 | 3142 | 4038 | 4958 | 5939 | 6585 | 7051 | 7752 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 0371 | 0516 | 1069 | 1419 | 2036 | 2536 | 5267 | 6686 | 7440 | 7635 |

पाचवे बक्षीस रु. 200/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0003 | 0539 | 1685 | 3339 | 4151 | 4748 | 6012 | 7242 | 8671 | 9199 |
| 0022 | 0605 | 1932 | 3379 | 4154 | 4842 | 6146 | 7307 | 8730 | 9207 |
| 0057 | 0634 | 2272 | 3400 | 4221 | 5094 | 6156 | 7328 | 8804 | 9265 |
| 0078 | 0906 | 2321 | 3402 | 4290 | 5107 | 6160 | 7416 | 8841 | 9281 |
| 0129 | 1100 | 2408 | 3534 | 4304 | 5206 | 6546 | 7437 | 8847 | 9569 |
| 0150 | 1114 | 2428 | 3634 | 4344 | 5344 | 6554 | 7503 | 8850 | 9629 |
| 0198 | 1116 | 2481 | 3742 | 4347 | 5414 | 6673 | 7644 | 8859 | 9662 |
| 0202 | 1148 | 2601 | 3772 | 4360 | 5429 | 6860 | 7917 | 8984 | 9669 |
| 0307 | 1160 | 2622 | 3776 | 4364 | 5530 | 6866 | 7927 | 8987 | 9702 |
| 0316 | 1210 | 2627 | 3839 | 4389 | 5546 | 6946 | 8051 | 9074 | 9784 |
| 0328 | 1321 | 2674 | 4080 | 4422 | 5552 | 6968 | 8111 | 9166 | 9809 |
| 0380 | 1378 | 2729 | 4094 | 4586 | 5555 | 7077 | 8314 | 9173 | 9893 |
| 0504 | 1610 | 2749 | 4101 | 4634 | 5696 | 7143 | 8362 | 9180 | 9899 |
| 0538 | 1631 | 3168 | 4130 | 4681 | 5785 | 7170 | 8491 | 9191 | 9972 |

महाराष्ट्र दसरा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 03.10.2025 — पहिले बक्षीस ₹ 1 करोड (₹ 50 लाखाची x 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस ₹ 5 लाख — तिकीटाची किंमत ₹200/-
गणेशलक्ष्मी समृद्धी विकली लॉटरी सोडत दिनांक 20/09/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे — प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah



निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री • प्रभालक्ष्मी विकली लॉटरी • — सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 38 • तिकिट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 20/09/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — SP-08 : 2405 — अंबिका एजन्सी, दादर, मुंबई

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1588 | 1992 | 2338 | 3062 | 3758 | 4112 | 4134 | 5151 | 5652 | 5791 |
| तिसरे बक्षिस रु. 500/- | 1921 | 1963 | 1964 | 2228 | 2287 | 2662 | 3106 | 3481 | 4298 | 5543 |

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1090 | 2345 | 3122 | 3786 | 4817 |
| 1114 | 2510 | 3210 | 3880 | 4833 |
| 1195 | 2526 | 3253 | 3977 | 5050 |
| 1397 | 2544 | 3328 | 4060 | 5125 |
| 1615 | 2607 | 3411 | 4143 | 5662 |
| 1619 | 2626 | 3493 | 4149 | 5667 |
| 1673 | 2782 | 3536 | 4242 | 5675 |
| 1704 | 2823 | 3542 | 4443 | 5705 |
| 1763 | 3048 | 3600 | 4478 | 5735 |
| 1988 | 3093 | 3633 | 4482 | 5944 |
| 2145 | 3099 | 3636 | 4496 | 5946 |
| 2336 | 3103 | 3773 | 4577 | 5958 |

महाराष्ट्र दसरा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 03.10.2025 — पहिले बक्षीस ₹ 1 करोड (₹ 50 लाखाची x 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस ₹ 5 लाख — तिकीटाची किंमत ₹200/-
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री प्रभालक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 20/09/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah



निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 38 • तिकिट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 20/09/2025

पहिले बक्षिस रु. 10,000/- — GL-01 : 6560

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 0637 | 0670 | 1405 | 2591 | 3998 | 5369 | 6144 | 8413 | 9926 | 9967 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 0701 | 2339 | 2805 | 2895 | 4181 | 6578 | 8147 | 8731 | 9303 | 9966 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 0273 | 2747 | 3011 | 3102 | 4294 | 4500 | 5233 | 8489 | 9289 | 9513 |

पाचवे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0710 | 1705 | 2812 | 3553 | 5097 | 5976 | 6869 | 7649 | 8320 | 9298 |
| 0032 | 0711 | 1718 | 2856 | 3590 | 5193 | 6016 | 6895 | 7675 | 8348 | 9306 |
| 0033 | 0739 | 1720 | 2928 | 3681 | 5210 | 6075 | 6956 | 7700 | 8467 | 9398 |
| 0049 | 0771 | 1734 | 3124 | 3697 | 5231 | 6168 | 6961 | 7703 | 8478 | 9445 |
| 0050 | 0804 | 1801 | 3163 | 3730 | 5249 | 6188 | 7101 | 7717 | 8535 | 9490 |
| 0071 | 0860 | 1848 | 3187 | 3883 | 5355 | 6226 | 7124 | 7762 | 8548 | 9491 |
| 0072 | 0877 | 1907 | 3188 | 4083 | 5419 | 6271 | 7175 | 7763 | 8579 | 9539 |
| 0073 | 1018 | 1964 | 3215 | 4124 | 5513 | 6367 | 7198 | 7767 | 8584 | 9569 |
| 0160 | 1041 | 2059 | 3280 | 4315 | 5515 | 6411 | 7203 | 7777 | 8626 | 9594 |
| 0224 | 1111 | 2200 | 3312 | 4411 | 5555 | 6419 | 7207 | 7903 | 8730 | 9595 |
| 0231 | 1134 | 2202 | 3319 | 4418 | 5559 | 6446 | 7250 | 7936 | 8783 | 9599 |
| 0313 | 1154 | 2209 | 3329 | 4427 | 5566 | 6498 | 7255 | 7955 | 8816 | 9622 |
| 0382 | 1162 | 2228 | 3334 | 4463 | 5571 | 6526 | 7257 | 7975 | 8835 | 9668 |
| 0408 | 1205 | 2287 | 3337 | 4464 | 5573 | 6539 | 7270 | 7995 | 8877 | 9689 |
| 0409 | 1281 | 2371 | 3344 | 4613 | 5575 | 6589 | 7363 | 8016 | 8963 | 9799 |
| 0428 | 1290 | 2452 | 3363 | 4637 | 5596 | 6623 | 7377 | 8033 | 8998 | 9825 |
| 0507 | 1351 | 2454 | 3395 | 4642 | 5620 | 6638 | 7390 | 8207 | 9071 | 9838 |
| 0509 | 1380 | 2474 | 3406 | 4882 | 5714 | 6657 | 7472 | 8277 | 9098 | 9891 |
| 0530 | 1495 | 2702 | 3425 | 4998 | 5832 | 6659 | 7505 | 8297 | 9138 | 9903 |
| 0564 | 1547 | 2747 | 3513 | 5051 | 5892 | 6672 | 7550 | 8308 | 9183 | 9928 |
| 0575 | 1642 | 2802 | 3518 | 5085 | 5905 | 6765 | 7628 | 8313 | 9207 | 9994 |

महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 25/09/2025 — जिंका फक्त 4 अंकावर — पहिले सामायिक हमीपात्र बक्षीस ₹ 5 लाख — सहावे बक्षिस रु. ₹ 2.5 लाख (रु.100 च्या 2500 बक्षिसे) — तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 20/09/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे — प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah


# जल्द उड़ान शुरू होगी जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से

**नोएडा.**



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर एक बार फिर बड़ी खबर आई है. नोएडा के जेवर में बनने वाला नया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अपनी पहली उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार हो गया है. देश के एविएशन मंत्री राम मोहन नायडू ने हाल ही में पुष्टि की है कि जेवर एयरपोर्ट 30 अक्टूबर से यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा.शुरुआत में यहां से दस बड़े शहरों के लिए फ्लाइट शुरू होंगी, जिनमें बैंगलोर, कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई जैसे मेट्रो शहर शामिल हैं. ये कदम सिर्फ यूपी के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के हवाई सफर के नेटवर्क के लिए एक बड़ा बदलाव साबित होगा. इस मेगा प्रोजेक्ट की लॉन्चिंग तारीख अब तक तीन बार बदली जा चुकी है. पहले इसे सितंबर 2024 में शुरू करने की योजना थी, फिर अप्रैल 2025 और बाद में जून 2025 का लक्ष्य रखा गया था. लेकिन अब 30 अक्टूबर की तारीख फाइनल कर दी गई है. देश की एयरलाइन कंपनी इंडिगो भी जेवर एयरपोर्ट से कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने वाली है. इससे नोएडा और आसपास के इलाकों के लोगों को विदेश जाने के लिए सीधे फ्लाइट्स मिलने लगेंगी. जेवर एयरपोर्ट खुलने से सिर्फ यात्रियों का सफर ही आसान नहीं होगा, बल्कि व्यापार, पर्यटन और निवेश के नए मौके भी बढ़ेंगे.एविएशन मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया कि अगले दो महीनों के अंदर देश के सभी एयरपोर्ट, जिनमें गाजियाबाद का हिंडन एयरपोर्ट भी शामिल है, यात्रियों को मुफ्त वाई-फाई, लाइब्रेरी और किड जोन जैसी सुविधाएं देने लगेंगे. हिंडन एयरपोर्ट पर अभी विस्तार का काम चल रहा है, इसलिए वहां अभी नई फ्लाइट्स शुरू नहीं होंगी.


१- श्रद्धा सबूरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कदू : 9822472123

# राज्य में अमन-चैन की पहल

## सरकार लाई 'कम्युनिटी पुलिसिंग' योजना



**मुंबई.** राज्य में धार्मिक सौहार्द बनाए रखने और अपराध की रोकथाम के लिए 'कम्युनिटी पुलिसिंग' योजना को वित्तीय साल 2025-26 में 2 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है. इस योजना के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर मोहल्ला एकता समितियां, शांति समितियां, मोहल्ला पंचायतें, तंटामुक्त समितियां, पुलिस मित्र और अन्य छोटे सामाजिक उपक्रमों को प्रोत्साहन दिया जाएगा. इन प्रयासों का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाना, विभिन्न धर्मों व जातियों के बीच भाईचारा मजबूत करना और अपराध की घटनाओं को कम करना है. सरकार के निर्णय के अनुसार, मंजूर राशि में से 1 करोड़ रुपये फिलहाल जारी किए जा रहे हैं. इन निधियों का उपयोग स्थानीय पुलिस से ऐसे कार्यक्रमों पर किया जाएगा, जिनसे त्योहारों, धार्मिक उत्सवों और जुलूसों के समय तनाव और मतभेद न बढ़ें और समाज में शांति का वातावरण बना रहे. इसके लिए पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास और सुसंवाद बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा. महाराष्ट्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि समाज में धार्मिक सद्भावना, भाईचारा और अपराध नियंत्रण को मजबूत करने के लिए 'कम्युनिटी पुलिसिंग' योजना को लगातार प्रोत्साहित किया जाएगा. इस निर्णय के तहत पुलिस महासंचालक, महाराष्ट्र राज्य, मुंबई को निधि आहरित और वितरित करने के लिए अधिकृत किया गया है. सरकार का मानना है कि इस योजना के माध्यम से स्थानीय स्तर पर शांति और सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी. महाराष्ट्र सरकार ने यह महसूस किया है कि राज्य में अलग-अलग धर्म, जाति और समाज के लोग रहते हैं. ऐसे में समाज में भाईचारा, दोस्ताना संबंध और आपसी समझ बनी रहे, इसके लिए पुलिस और जनता की साझेदारी जरूरी है. धार्मिक त्योहार, उत्सव और जुलूसों के दौरान अक्सर तनाव, मतभेद या छोटी-छोटी घटनाएं बड़ा रूप ले सकती हैं. इसीलिए इन उपक्रमों पर होने वाले खर्च को अब 'कम्युनिटी पुलिसिंग' योजना के तहत कवर किया जाएगा, जिसके लिए सरकार ने 2 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है.

### समितियों के जरिये बातचीत और समझदारी से समाधान

ऐसी घटनाएं रोकने और समय रहते शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए स्थानीय स्तर पर समितियां जैसे मोहल्ला एकता समिति, शांतता समिति, मोहल्ला पंचायत, तंटामुक्त समिति और 'पुलिस मित्र' जैसे उपक्रम बनाए जाते हैं. इन समितियों का काम होता है कि वे पुलिस को सहयोग करें, लोगों को जागरूक करें और तनाव बढ़ने से पहले ही बातचीत और समझदारी से हल निकालें.

# पूर्व आईएएस पूजा खेड़कर का ड्राइवर गिरफ्तार



**मुंबई.** नवी मुंबई में हुए रोड रेज मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. इस घटना में पूर्व प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के ड्राइवर का नाम सामने आया है. आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस के अनुसार, ट्रक चालक प्रह्लाद कुमार को बाद में पूजा खेडकर के घर छुड़ाया गया था. पुलिस के मुताबिक यह घटना मुलुंड-ऐरोली रोड पर हुई थी. 22 वर्षीय प्रह्लाद कुमार अपना कंक्रीट मिक्सर ट्रक लेकर जा रहे थे. इसी दौरान उनका ट्रक एक एसयूवी से टकरा गया. टक्कर के बाद ट्रक चालक और एसयूवी में बैठे दो लोगों के बीच बहस शुरू हो गई. एसयूवी सवारों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर प्रह्लाद कुमार को थाने ले जाने का बहाना किया और जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया.

निलंबित खेड़कर से जुड़े अपहरण कांड में नवी मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. ऐरोली से ट्रांजिट मिक्सर ट्रक के हेल्पर का अपहरण करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी प्रफुल्ल ज्ञानेश्वर साळुंखे को धुले जिले के शिंदखेडा से गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने आरोपी को 19 सितंबर 2025 को हिरासत में लेकर अदालत में पेश किया जहां से उसे 27 सितंबर तक पुलिस कस्टडी में भेजने का आदेश दिया गया. पुलिस के अनुसार, 13 सितंबर की शाम टक्कर हो गई थी.

हादसे के बाद कार चालक और मालिक ने ट्रक चालक और हेल्पर से गाड़ी की मरम्मत के लिए पैसे मांगे. पैसे न देने पर ट्रक हेल्पर प्रल्हाद कुमार चौहान का अपहरण कर लिया गया. पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य आरोपी दिलीप खेडकर और उनकी पत्नी मनोरमा खेडकर भी इस अपराध में शामिल हैं. मनोरमा पर सबूत नष्ट करने का आरोप है. वहीं, डीवीआर मशीन हटाने वाले व्यक्ति की पहचान भी की जा चुकी है. फिलहाल पुलिस ने प्रफुल्ल साळुंखे को गिरफ्तार कर कस्टडी में लिया है, जबकि दिलीप खेडकर, उनकी पत्नी मनोरमा और अन्य आरोपी अब भी फरार हैं.

इस पूरे मामले की जांच रबाले पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी दीपक खरात के नेतृत्व में जारी है. जांच में सामने आया कि प्रह्लाद कुमार को पुणे के औंध स्थित नेशनल हाउसिंग सोसाइटी के मकान नंबर 112 में बंधक बनाकर रखा गया. यहां उसका मोबाइल फोन छीन लिया गया, उसे बासी खाना खिलाया गया और चौकीदार और कुक रूम में कैद कर दिया गया. आरोप है कि अपहरणकर्ताओं ने धमकी दी थी कि अगर गाड़ी के नुकसान की भरपाई नहीं की गई तो उसके खिलाफ गंभीर कार्रवाई की जाएगी.

### धाराएं हुईं सख्त

शुरुआत में इस मामले में बीएनएस की धारा 137(2) लगाई गई थी. बाद में जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर धाराएं बढ़ाकर 115(2), 127(7), 308(4), 3(5) जोड़ी गई. इसके अलावा अपहरण स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर सबूत मिटाने के इरादे से हटाए जाने के चलते धारा 238(3) भी शामिल की गई.

# ट्रैफिक जाम में गाड़ी फंसने से मासूम की मौत

**मुंबई.** मुंबई- अहमदाबाद एक्सप्रेस हाईवे की खस्ताहाल स्थिति ने एक मासूम की जान ले ली. नायगांव चिंचोटी के गैलेक्सी अस्पताल में इलाज करा रहे 16 महीने के बच्चे को आगे के इलाज के लिए मुंबई ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में 5 घंटे तक ट्रैफिक जाम में फंसे रहने के कारण बच्चे ने दम तोड़ दिया. यह दर्दनाक घटना कल रात हुई. डॉक्टरों ने बच्चे को बेहतर इलाज के लिए मुंबई रेफर किया था. परिजन बच्चे को निजी वाहन से मुंबई ले जा रहा था. वसई-दहिसर तक 20-30 किलोमीटर लंबे ट्रैफिक जाम में गाड़ी अटक गई. रास्ते में ही बच्चे की हरकतें बंद हो गईं. इसके बाद परिवार के लोग उसे सासूनघर के एक छोटे अस्पताल ले गया.

# सेना के जवान से महिला बैंक कर्मचारी ने की अभद्रता

**मुंबई.** मुंबई में एचडीएफसी बैंक कर्मचारी का ऑडियो सामने आया है. जिसको लेकर सोशल मीडिया पर लोगों की नाराजगी नजर आ रही है. बताया जा रहा है कि कथित तौर पर एचडीएफसी बैंक की एक महिला कर्मचारी ने सीआरपीएफ के एक जवान से लोन रिकवरी को लेकर फोन पर अभद्रता की. वायरल ऑडियो में महिला जवान को गंवार तक कह दिया और अपमानजनक टिप्पणियां करते हुए उनकी नौकरी का मजाक भी उड़ाया. इसके चलते सोशल मीडिया पर भारी आक्रोश फैल गया है. हालांकि इस पूरे मामले पर एचडीएफसी ने सफाई देते हुए महिला कर्मचारी से किनारा कर लिया. वहीं ऑडियो के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने महिला कर्मचारी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. वहीं एचडीएफसी बैंक ने सफाई देते हुए कहा कि महिला उसकी कर्मचारी नहीं है. हालांकि सीआरपीएफ जवान की पहचान का खुलासा नहीं किया गया है.

# कबूतरों को दाना डालने पर 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**मुंबई.** मुंबई के बांद्रा इलाके में कबूतरों को दाना डालने को लेकर 4 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है. इनमें 3 पुरुष और एक महिला शामिल हैं.

आरोपियों की पहचान मेहताब अहमद शेख, निखिल हरिनाथ सरोज, सलाम दुर्गेश कुमार के रूप में हुई है. जबकि महिला की पहचान अभी तक पुलिस नहीं कर पाई है.बांद्रा पुलिस के मुताबिक, बांद्रा तलाव के पास बीएमसी के अधिकारी मौजूद थे. उन्हें देखा कि कुछ लोग कबूतरों को दाना डाल रहे हैं. बीएमसी अधिकारियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की और कहा कि यह करना मना है. अधिकारियों ने बताया कि आप लोग कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं और इस पर कार्रवाई होगी.

लेकिन आरोपियों ने उनकी बात नहीं मानी और दाना डालना जारी रखा. इसी दौरान एक महिला वहां आई और उसने भी कबूतरों को दाना डालना शुरू कर दिया. बीएमसी अधिकारियों ने महिला को बताया कि दाना डालना मना है. बावजूद इसके, महिला ने उनकी बाते अनसुनी कर दी और दाना डालना जारी रखा. यहां तक कि उसने अधिकारियों से बहस भी की और फिर अपनी स्कूटी लेकर वहां से चली गई.

# अटल सेतु पर गड्ढे, ठेकेदार पर करोड़ का जुर्माना

**मुंबई.** मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने नए खुले अटल सेतु पर सतही क्षति दिखाने वाला एक वीडियो वायरल होने के बाद ठेकेदार पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है. मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक, जिसका आधिकारिक नाम अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु है, का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने 12 जनवरी, 2024 को किया था. 17,840 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित, 21.8 किलोमीटर लंबा यह पुल भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल और दुनिया का 12वां सबसे लंबा पुल है. नए खुले अटल सेतु पर सतही क्षति दिखाने वाला एक वीडियो वायरल हुआ, जिसके बाद एमएमआरडीए ने कार्रवाई की. महाराष्ट्र कांग्रेस ने भी अपने एक्स पर अटल सेतु के गड्ढों का वायरल वीडियो पोस्ट करके बीजेपी पर निशाना साधा है. इसमें एक तस्वीर और वीडियो शेयर किया गया हैं. पहली जब पीएम मोदी ने इस अटल सेतु का उद्घाटन किया था और दूसरा अटल सेतु पर गड्ढों और टेम्पररी पैचिंग का वायरल वीडियो सामने आया जो किसी नागरिक ने निकाला था मेट्रोपॉलिटन आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी के निर्देश पर शुक्रवार को 22 किलोमीटर लंबे अटल सेतु (दोनों अप और डाउन कैरिजवे) का व्यापक निरीक्षण अतिरिक्त मेट्रोपॉलिटन आयुक्त एवं परियोजना प्रभारी विक्रम कुमार ने किया.

## आज का राशिफल

**मेष** – आज का दिन रिश्तों, करियर में उन्नति और वित्तीय योजना पर ध्यान केंद्रित करते हुए एनर्जी प्रदान करता है। फ्यूचर के लक्ष्यों की स्ट्रैटजी बनाने के लिए अच्छा समय है।

**वृषभ** – आज सेहत का ध्यान रखें। आपको अपने विचारों को अपनाने और इसे जीवन के सभी पहलुओं पर लागू करने के लिए मोटिवेट किया जाता है।

**मिथुन** – आज के दिन अपनी पर्सनल लाइफ में आप अपने पार्टनर के साथ अधिक पर्सनल कनेक्शन विकसित कर सकते हैं। यह पर्सनल जरूरतों पर फोकस करने का समय है।

**कर्क**– आज आपके करियर की गति धीमी नहीं होनी चाहिए। इन्स्पेक्ट करें कि क्या आपका वर्तमान काम आपके लॉंग टर्म लक्ष्यों को पूरा करता है।

**सिंह** – आज का दिन अपने जरूरी प्लांस बनाने के लिए शुभ है। अपने बॉस के सामने अपनी कमिटमेंट, काम का तरीका और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल को दिखाने का इससे बेहतर समय क्या हो सकता है?

**कन्या** – आज का दिन आपके सामाजिक जीवन में नई रुचि लाएगा। आपकी विभिन्न संस्कृति के लोगों से जुडने की क्षमता नए अवसर या पार्टनरशिप के लिए एक खुला द्वार है।

**तुला** – आज हो सकता है कि आप अचानक खुद को उत्सुकता के साथ असाइनमेंट पर काम करते हुए पाएं। आर्थिक लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**वृश्चिक** – आज नेटवर्क बनाएं, अपनी स्किल्स का उदाहरण दें और प्रोजेक्ट्स पर पहल करने से न डरें। अपने पार्टनर के साथ सम्मान और संयम से व्यवहार करें।

**धनु** – आज के दिन डिटेल्स पर काम करने और चीजों को मैनेज करने में बिजी रहेंगे। किसी सम्मेलन, वेबिनार या यहां तक कि व्यावसायिक यात्रा के लिए प्रयास करें।

**मकर** – आज आप स्किल्स को बढ़ाने या नए मार्केट के बारे में अधिक जानने पर विचार करने के लिए उत्सुक हो सकते हैं। आज का मुख्य जोर आपके पर्सनल फाइनेंस के बढ़ते पक्ष पर है.

**कुंभ** – आज का दिन पर्सनल ग्रोथ और विस्तार की संभावनाओं से भरा है। विचारों को विकसित करने के लिए अपने सहकर्मियों के साथ बात करने और काम करने की अपनी क्षमता दिखाने का यह सही अवसर है।

**मीन** – आज के दिन फ्रेश एनर्जी के साथ अपने करियर की ओर बढ़ें। आपकी बिजनेस शुरू करने की भावना काफी बढ़ जाएगी।


**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 6478 Dt. 16/09/25

IN THE COURT OF 2nd JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 304

M.J.C. Case No. 846/2025

Fixed For 04/10/2025

Applicant : 1) Vanita Gulabrao Akhand, 2) Archana Vitthalrao Jichkar
--Versus--
Non-Applicants: Nil
Name of Deceased : 1) Gulabrao Zapruji Akhand, Died On: 31/10/1996, 2) Mainabai Gulabrao Akhand, Died On: 09/11/2014, Both R/o Qtr No. 12/3, LIG-192 Hasanbagh Road, Nandanvan Nagpur.

Whereas 1) Gulabrao Zapruji Akhand, Died On: 31/10/1996, 2) Mainabai Gulabrao Akhand, Died On: 09/11/2014, Both R/o Qtr No. 12/3, LIG-192 Hasanbagh Road, Nandanvan Nagpur. and Whereas Vanita Gulabrao Akhand & Oth. has presented an application to this Court for grant of Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants Vanita Gulabrao Akhand & Oth. as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of 2nd Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur on 4th Day of Oct., 2025 at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, that 16th day of Sept., 2025.

Seal | By order of the Court Asstt. Supdt. (T.W.) Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.

Prasanna Publicity 09326927622

**मध्य रेल**

प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र के संचालन के लिए प्रावधान

Catalogue No: NGP-NFR-PMBJK-3: PMBJK-NGP-NGP-PMBJK-2-25-2/ नागपुर रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र के संचालन के लिए 3 वर्षों की अवधि के लिए प्रावधान। / Start 10/10/25 15:00:00 Hrs / End 10/10/25 15:30:00 Hrs. For detailed information kindly visit www.ireps.gov.in

एसीएम(गुड्स) नागपुर

SailNGP/207

रेलवे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है

**महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी हिंगणा यांचे कार्यालय**

Email ID: tahasildarhingna@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१०४-२७६१३४

क्र.म.स./जन्म-मृत्यू/तह. हि./कावि-८६/२०२५

दिनांक ०९/०९/२०२५

वाचा : १) सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५, २) मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, ३) मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि-१०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, ४) श्री गणेश रामभाऊजी केचे, रा. टाकळघाट, यांचा अर्ज दिनांक २९/०५/२०२५.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार श्री गणेश रामभाऊजी केचे, रा. टाकळघाट, यांनी त्यांच्या मुलाच्या जन्माची नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू कु. हर्षित गणेश केचे यांचा जन्म दिनांक १६/०४/२०२४ रोजी राहत्या घरी टाकळघाट येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे जन्माचे प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी हिंगणा उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा जन्म बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी हिंगणा यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास जन्म बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही असे गृहीत धरून प्रस्तावित जन्म नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का | तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, हिंगणा

Prasanna Publicity 09326927622

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 6603 Date 18.09.25

IN THE COURT OF 2nd Jt. CIVIL JUDGE JR. DN., NAGPUR. Room No. 304

Succession Case No. 213/2025

Fixed For 24/09/2025

Applicant : 1) Parijad Kamlesh Besekar, 2) Asha Gajanan Besekar.
--Versus-- Non-Applicants: Nil
Name of Deceased : 1) Kamlesh Gajanan Besekar, Died On: 06/06/2013, R/o Near Line No. 13, New Indora Panjabi Line Vidyanagar, Jaripatka, Nagpur.

Whereas Kamlesh Gajanan Besekar, Died On: 06/06/2013, R/o Near Line No. 13, New Indora Panjabi Line Vidyanagar, Jaripatka, Nagpur. and Whereas Parijad Kamlesh Besekar & Oth. has presented an application to this court for grant of Succession Certificate U/s. 372 of Indian Succession Act, in respect of the Insurance Policy No. 974418318 Maturity Benefit Amount of Rs. 18,332/- in the name of the deceased & left by the deceased.

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants Parijad Kamlesh Besekar & Oth. as successor, of the deceased, to appear in the Court of 2nd Jt. Civil Judge Jr. Dn., Nagpur on 24th day of Sept., 2025 at 10.30 a.m. There to enter their objections and it is here by declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of succession of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, this day of 18th day of Sept., 2025.

Seal | By order of the Court Asstt. Supdt. (T.W.) Civil Judge Sr.Dn. Nagpur.

Prasanna Publicity 09326927622

**महाराष्ट्र शासन महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**

(जुने पोलिस अधिक्षक कार्यालय (शहर) नागपूर पिन कोड- ४४०००१) तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.

Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५

क.स.म.अ/तह. नाग (शहर)/कावि १३११/२०२५

दिनांक १७/०९/२०२५

वाचा : १) सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, २) मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, ३) मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, ४) पिटर सियास्टीन मिंझ, रा. सेंट मार्टिन नगर, जरीपटका रिंग रोड, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक २५/०८/२०२५

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार पिटर सियास्टीन मिंझ, रा. सेंट मार्टिन नगर, जरीपटका रिंग रोड, नागपूर यांनी त्यांच्या भावाच्या जन्माची नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू प्रदीप बार्थोलोमीयस मिंझ यांचा जन्म दिनांक २१/०३/१९६८ रोजी मेयो हॉस्पिटल, नागपूर येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे जन्माचे प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा जन्म बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास जन्म बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित जन्म नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का | तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता

Prasanna Publicity 09326927622

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 6019 Dt. 20/08/25

IN THE COURT OF 2nd JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 304

M.J.C. Case No. 776/2025

Fixed For 29/10/2025

Applicant : 1) Yanamandra Pushpavalli Narsingam, 2) Yanamandra Bala Narsingam
--Versus-- Non-Applicants: Nil
Name of Deceased : 1)Yanamandra Laxmi Narsingam, Died On: 15/02/1997, 2) Y. Sita Mahalaxmi, Died On: 27/05/2010, 3) Yanamandra Nageshwar S/o Y.L. Narsingam, Died On: 07/09/2015, 4) Yanamandra Venkat Laxmi Narsingam, Died On: 30/04/2021, 5) Yanamandra Venkat Kameshwari, Died On: 03/07/2017, All R/o Qtr No. 98-99, Sugat Nagar, Nagpur-26

Whereas 1)Yanamandra Laxmi Narsingam, Died On: 15/02/1997, 2) Y. Sita Mahalaxmi, Died On: 27/05/2010, 3) Yanamandra Nageshwar S/o Y.L. Narsingam Died On: 07/09/2015, 4) Yanamandra Venkat Laxmi Narsingam, Died On: 30/04/2021, 5) Yanamandra Venkat Kameshwari, Died On: 03/07/2017, All R/o Qtr No. 98-99, Sugat Nagar, Nagpur-26 and Whereas Yanamandra Pushpavalli Narsingam & Oth. has presented an application to this Court for grant of Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants Yanamandra Pushpavalli Narsingam & Oth. as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of 2nd Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur on 29th Day of Oct., 2025 at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, that 29th day of August, 2025.

Seal | By order of the Court Asstt. Supdt. (T.W.) Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.

Prasanna Publicity 09326927622

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 6385 Dt. 15/09/25

IN THE COURT OF JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 416-A

M.J.C. Case No. 853/2025

Fixed For 10/10/2025

Applicant : 1) Shilpa Pradip Meshram, 2) Satish Ramesh Fulzele, 3) Shashikant Ramesh Fulzele, 4) Rahul Ramesh Fulzele
--Versus-- Non-Applicants: Nil
Name of Deceased : 1) Ramesh S/o Tarachand Fulzele, Died On: 18/02/2022, 2) Sunita W/o Ramesh Fulzale, Died On: 31/10/2016, 3) Tarachand Gawatu Fulzale, Died On: 11/11/2014, 4) Shantabai Tarachand Fulzale, Died On: 26/01/1997, All R/o Qtr No. M-95, MIG Housing Board Colony, Jaripatka, Nagpur.

Whereas 1) Ramesh S/o Tarachand Fulzele, Died On: 18/02/2022, 2) Sunita W/o Ramesh Fulzale, Died On: 31/10/2016, 3) Tarachand Gawatu Fulzale, Died On: 11/11/2014, 4) Shantabai Tarachand Fulzale, Died On: 26/01/1997, All R/o Qtr No. M-95, MIG Housing Board Colony, Jaripatka, Nagpur. and Whereas Shilpa Pradip Meshram & Oth. has presented an application to this Court for grant of Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants Shilpa Pradip Meshram & Oth. as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur on 10th Day of October, 2025 at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, that 11th day of Sept., 2025.

Seal | By order of the Court Asstt. Supdt. (T.W.) Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.

Prasanna Publicity 09326927622



24 Pride Club

INNOVATIVE BUSINESS MEMBERSHIP

Monthly Networking opportunity



Our Offerings

- Free Live Business Interview on BCN News Channel (10–15 Minutes)
- Free 180 sq. cm Newspaper Ad Design
- Gift Vouchers Worth ₹60,000 & Discounts Worth Lakhs
- Exclusive Offers at 100+ Outlets Across Nagpur
- 12 Monthly Business Lunch Meetings
- Official Business Member Tag
- Access to a 2500+ Customer Database
- Connect with 100+ Businesses for Growth & Collaboration
- 45-Second Business Introduction Slot at Every Meet
- Expert Training Sessions Monthly
- ₹1 Lakh Accidental Insurance Coverage
- 3 Coordinators with Business Presentation Opportunities

JOIN NOW

Scan And Fill The Registration Form

Registration Link https://registration.24starpride.club/

Contact: +91 8788895854

www.24starpride.club.com

DR.RICHA JAIN PRESIDENT | IMRAN SHEIKH SECRETARY

36,Gandhi Grain market, telephone exchange square near mascot hondashowroom, Nagpur - 440008



**मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस**

MSBVE / MSBTE महाराष्ट्र शासन मान्य AYUSHMAN COLLEGE & HOSPITAL KAMPTEE, NAGPUR (MS.) आयुष्मान मेडिकल पॅरामेडिकल कॉलेज सईद नगर, बालाजी मंदिर के सामने, कलमना रोड, रनाला, कामठी. महाराष्ट्र हमारे कोर्स: BSc MLT, BVOC MLT, PGDMLT / ADMLT (MSBTE) ADXR (MSBTE), DMLT, DDT, DNYS, DAT, GNMA, CCOT, Health Sanitary Inspector, Radiology Technician. इंटर्नशिप आपको सरकारी हॉस्पिटल मे मिलेगी. ADMISSION OPEN 2025-26. 8651512020, 8651513030

DR. NANDI PATH LAB. Committed to your Wellness. OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE. DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho) Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE. Mobile No.: 8767516249 | 7420869774. Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

श्री सतगुरु ट्रैवल्स: • १ ऑगस्ट अयोध्या काशी • १४ ऑगस्ट आग्रा मथुरा वृंदावन • ७ सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्र • २७ ऑक्टोबर केरळ कन्याकुमारी • २८ ऑक्टोंबर गुजरात राजस्थान • १६ नोव्हेंबर आणि १० डिसेंबर अंदमान • ३ जानेवारी गंगासागर नेपाळ. संपर्क आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे 7498753939, 93095 96390 8698495200, 9823454945

अल्का लाडे प्रस्तुत "ज़िंदगी का सफर" Organizar संकल्प बहुद्देशीय संस्था सुहाना म्यूज़िकल ग्रुप (लाइव ऑर्केस्ट्रा पर सुमधुर गीतों की प्रस्तुति) Alka Lade बॉलिवुड गायिका. Contact For Participate 9373108897, 7798900066 9579254999. Per Song 1500. दि. 10 आगस्ट 2025 दोप. 3 बजे से रात 9.30 बजे तक. अमृत भवन, झांसी रानी चौक, सिताबर्डी, नागपुर

धनवटे ऑनलाइन सर्विसेस: 7/12 डिजिटल, ई-अभिलेख, 8 अ डिजिटल, ई- मोजनी, प्रॉपर्टी कार्ड, अधिकार क्षेत्र, झोन सर्टिफिकेट, वर्ग 2 ते वर्ग 1 अर्ज, अखिव पत्रिका, 7/12 फेरफार साठी अर्ज, फेरफार अर्ज, राजेश धनवटे 9561498551 उपजिला रुग्णालय रोड, हैदरी चौक कामठी

VATSALYA Preschool "Little Minds, Big Adventures" Nurturing Young Minds with Heart and Purpose. Pre-Nursery, Nursery, KG1, KG2. Enquire now. More Information 9834172396. Address : Near Ashapurak Ganesh Mandir Ground, Professor Colony, Ranala, Kamptee

NISHCHAY TRAVELS. All types of AC & Non-AC Vehicles Available. Buses 30, 40 & 50 Seater Available. Plot No. 35, House No. 40, Kamptee Road, Shri Hari Nagri Near Ram Vatika, Bhilgaon, Nagpur-441002. Contact : Avinash Zanzote 9850340105 7972365539 Vilas Zanzote 9372211220 9112274567

प्रवेश सुरू... प्रवेश सुरू... प्रवेश सुरू... नवयुग एज्युकेशन आणि बहुउद्देशीय संस्था कन्हान द्वारा संचालित. ADMISSION OPEN FOR 2024-2025. मारोतराव पानतावणे ज्यु. कॉलेज ११ व १२ वी कला, वाणिज्य, विज्ञान. मारोतराव पानतावणे महाविद्यालय (राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपूर विद्यापीठ नागपूर द्वारा संलग्नित) B.A., B.Com, B.Sc.कला, वाणिज्य, विज्ञान. कार्यालय वेळ सकाळी १० ते सायं. ५ पर्यंत. SC/ST/OBC/VJNT विद्यार्थ्यांना BA/B.Com/B.Sc ला निःशुल्क प्रवेश देण्यात येईल. स्कॉलरशिप ची सुविधा उपलब्ध आहे. संपर्क : मारोतराव पानतावणे महाविद्यालय, गहुहिवरा रोड, कांद्री-कन्हान 07102-236484, 9373120336, 9834985854, 8766643359

2025 ADMISSION OPEN FOR I.T.I. ELECTRICIAN & FITTER. Eligibility 10th Pass. FREE ADMISSION FOR GIRLS. Maharashtra Govt. SCHOLARSHIP UPTO 100% for SC/ST/OBC/EWS boys & girls. CONTACT US RABBANI ITI Near Samaj Bhawan, Imli Bag, Kamptee 441001 Dist. Nagpur (M.S.) 9021132527 7721877941 9021194901

तुळजाभवानी ट्रेडर्स. कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी. हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है। ठोक व चिल्लर विक्रेता. JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है. M. : 7987262970 | 9175172712

प्लस प्वाइंट ट्युशन क्लासेस. 10, 11, 12 वीं की सभी विषयों की अनुभवी शिक्षकों द्वारा ट्युश्न क्लासेस ली जाती है। प्रोप्रा. मो. सलमान शेख. मोटर स्टैंड मस्जिद के पास, कामठी. तारसा रोड, कन्हान

ADMISSION OPEN RKS PUBLIC SCHOOL NURSERY to Std. IX. OUR FACILITY Computer Lab • Cricket Karate Class • Swimming Pool Skating Class • Basket Ball. M. 8087955831 8956785080. Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

ZOREN PROPERTY DEALERS. हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है. अफसर खान M. 9371381114, 7038696893. सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

3 STAR HOTEL LODGING, BOARDING & RESTAURANT. AC / Non AC Room. 8983305535, 8055705535. पता: घोरपड बस्ती, लिहीगांव रोड, कामठी

VIDEO GAMES SHOP. Convert VHS to Pendrive, Harddiskh. VHS को पेनड्राइव में डालते है. कोई भी पुरानी Video Cassette Recorder (VRC) शादी एवंम कोई भी पुरानी (VHS) कार्यक्रम की Video Cassette (VHS), VCD, CD, DVD, को Pendrive या Harddisk में Convert किया जाता है. All Video Game for Sell & Repair Services also available. Only Place for Harddisk Loading. All type of USB & Electrical Accessories. All type of video game are available. Repair your Video Games, PS 2, 3, 4 & X Box. Order for Digital Video, Photo Album. DHAMTI VIDEO FILMS 9423771189, 9595399588. FOR SALE Plot Size 500 sqft. Construction 1000 sqft. RANALA, KAMPTEE



**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088

# हिमाचल के स्कूलों में मोबाइल फोन पर रोक

## > शिक्षकों और छात्रों पर सख्ती

**देहरादून.**



हिमाचल प्रदेश सरकार ने स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों के द्वारा मोबाइल के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है. अब स्कूलों में पहुंचते ही शिक्षकों को अपने फोन स्टाफ रूम में जमा करवाने होंगे. क्लासरूम में फोन ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. विद्यार्थियों को भी घर से फोन लाने पर पूर्णतया रोक लगाई गई है. ये निर्देश शिक्षकों और विद्यार्थियों का अधिकांश समय फोन पर रहने की शिकायतों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए जारी किए गए हैं. मुख्याध्यापकों को इस पर कड़ी नजर रखने के आदेश जारी हुए हैं. उल्लंघन करने वालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं.

इसको लेकर शिक्षा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है. स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली ने स्पष्ट किया है कि मोबाइल छात्रों की पढ़ाई में सबसे बड़ा व्यवधान बन चुका है. कक्षा में पढ़ाई के दौरान मोबाइल से होने वाला व्यवधान न केवल छात्रों का ध्यान भटकाता है, बल्कि शिक्षण की गुणवत्ता पर भी बुरा असर डालता है.सोशल मीडिया की लत से बच्चों का शैक्षणिक ही नहीं, बल्कि मानसिक विकास भी प्रभावित हो रहा है. लगातार फोन इस्तेमाल करने से छात्रों में चिंता, तनाव, नींद में खलल और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं. स्कूलों में लैंडलाइन टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में छात्र और शिक्षक इसका इस्तेमाल कर सकें. बता दें, आजकल बच्चे खेलने-कूदने से ज्यादा समय मोबाइल पर बिताने लगे हैं. चाहे गेम खेलना हो, वीडियो देखना हो या सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करना, मोबाइल की लत उनकी दिनचर्या और सेहत दोनों पर बुरा असर डाल रही है.

### आपातकाल में छात्रों व शिक्षकों के लिए लैंडलाइन उपलब्ध

कक्षा में पढ़ाते समय शिक्षक अपने मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करेंगे. उन्हें फोन स्टाफ रूम या विभाग की ओर से निर्धारित सुरक्षित स्थान पर रखना होगा. सभी स्कूलों को अपने नोटिस बोर्ड पर मोबाइल फोन प्रतिबंध संबंधी दिशा-निर्देश लगाने होंगे.

# 'काशी मेरा परिवार, हस्तक्षेप करें'

## > अजय राय ने पीएम मोदी को लिखा लेटर

**वाराणसी.**



वाराणसी में पुलिस और वकीलों के बीच विवाद अभी भी जारी है और इस मामले को लेकर अब उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप कर इसका समाधान करने की बात कही है. कांग्रेस नेता अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखी चिट्ठी को लेकर कहा कि काशी मेरा परिवार है और मैं अपने परिवारजनों के लिए चट्टान की तरह खड़ा हूं. प्रधानमंत्री तत्काल हस्तक्षेप करें.

कांग्रेस नेता अजय राय ने पीएम मोदी को लिखे लेटर में कहा- 'वाराणसी आपका संसदीय क्षेत्र है, जो ज्ञान और न्याय की धरती कहलाती है, आज गहरे संकट से गुजर रही है. यहा वकीलों और पुलिस के बीच लगातार बढ़ता विवाद लोकतंत्र की जड़ों को हिला रहा है. वकील और पुलिस दोनों ही समाज के ऐसे स्तंभ हैं जिन पर संविधान और कानून के पालन की जिम्मेदारी टिकी हुई है. जब यही दोनों वर्ग आमने-सामने खड़े हो जाए, तो यह न केवल स्थानीय प्रशासन की विफलता बल्कि शासन और सरकार की संवेदनहीनता का भी प्रतीक है.अजय राय ने आगे लिखा-'प्रधानमंत्री आप वाराणसी के सांसद होने के साथ-साथ देश के प्रधानमंत्री भी हैं. आपके प्रदेश की सरकार मूकदर्शक बन तमाशा देख रही है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूरी प्रदेश सरकार की चुप्पी वकीलों की पीड़ा के प्रति घोर असंवेदनशीलता को दर्शाती है. अतः यह आपका नैतिक, राजनीतिक और संवैधानिक दायित्व है कि आप इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करें. आपकी चुप्पी न केवल वकीलों के अधिकारों के प्रति उदासीनता है, बल्कि लोकतंत्र और संविधान पर भी कुठाराघात है. कांग्रेस नेता अजय राय ने आगे लिखा-वकील केवल एक पेशेवर समूह नहीं हैं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र के प्रहरी हैं. उनके साथ पुलिसिया उत्पीड़न पूरे न्याय तंत्र पर हमला है. शासन प्रशासन का दायित्व दोनों पक्षों में सामंजस्य और विश्वास बनाए रखना था, परंतु आपकी केंद्र व प्रदेश की सरकार की संवेदनहीनता ने स्थिति को विकट बना दिया है.हम कांग्रेसजन वकील समाज के साथ खड़े होकर यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि वकीलों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. न्याय, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करना हमारा कर्तव्य है.

# चतुर्थ श्रेणी परीक्षा में नकल करने वाला 'मुन्ना भाई' गिरफ्तार

## > अंडरवियर में छुपा रखी थी स्मार्टवॉच

**जयपुर.**



राजधानी जयपुर में चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा में नकल करने वाला 'मुन्ना भाई' पकड़ा गया है. आरोपी स्मार्ट वॉच के जरिए नकल करने की कोशिश कर रहा था संदेह होने पर वहां पर मौजूद टीम ने उसको गिरफ्तार कर लिया. दरअसल, ये पूरी कार्रवाई राजधानी जयपुर के अशोकनगर थाना इलाके में स्थित महात्मा गांधी सरकारी स्कूल में अंजाम दी गई. यहां पर चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा की पहली पारी में परीक्षा देते हुए आरोपी रवि कुमार को गिरफ्तार किया गया है.

तलाशी के दौरान आरोपी युवक के अंडरवियर से स्मार्ट वॉच निकली. मामले को लेकर कई संगीन धाराओं में जयपुर के अशोकनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है. मामले की जांच एडिशनल डीसीपी पूनमचंद बिश्नोई कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि सीकर निवासी आरोपी रवि को परीक्षा में नकल करने की वजह से गिरफ्तार किया गया है.

डीसीपी के मुताबिक आरोपी वर्तमान में जयपुर के मुरलीपुरा इलाके में रह रहा था. इसने पहले भी उसने कई परीक्षाएं दी लेकिन सफल नहीं हो पाया इसलिए नकल करने के लिए इसने स्मार्ट वॉच का इस्तेमाल किया, लेकिन परीक्षा शुरू होने से पहले ही आरोपी को हिरासत में लिया गया. जब आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसकी उम्र बीत रही और कई परीक्षाएं दे चुका था लेकिन नौकरी नहीं लग रही थी इसलिए इस तरह का हथकंडा अपनाया.

फिलहाल आरोपी पुलिस की कस्टडी में है और आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा. पूरे मामले में आरोपी का कोई अन्य साथी है या नहीं इस बात को लेकर जांच की जा रही है. अभी तक की जानकारी के मुताबिक आरोपी अकेला ही पूरे मामले में शामिल है.

# कमोड से निकला 5 फीट लंबा कोबरा

**अजमेर.**



राजस्थान के अजमेर जिले की तीर्थ नगरी पुष्कर से एक ऐसी चौंका देने वाली घटना सामने आई है, जिसने टूरिस्ट और स्थानीय लोगों में दहशत फैला दी है. बताया जा रहा है कि एक फेमस होटल की दूसरी मंजिल पर 5 फीट लंबा जहरीला कोबरा सांप दिखाई दिया, जो कमोड में फुंकार मारता नजर आया. इस दृश्य को देखकर होटल में ठहरे टूरिस्ट की सांसे थम गई. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.जानकारी के मुताबिक, होटल में ठहरे एक टूरिस्ट परिवार ने बाथरूम में जाते समय कमोड के अंदर एक बड़े से सांप को देखा.उन्होंने बिना किसी देरी के तुरंत होटल स्टाफ को सूचना दी, जिसके बाद स्टाफ ने राजस्थान कोबरा टीम को फोन किया.

सूचना मिलने के कुछ देर बाद टीम मौके पर पहुंची और सांप को रेस्क्यू करने में जुट गई. सांप को रेस्क्यू करना बिल्कुल आसान नहीं था, क्योंकि वह कमोड के अंदर छिपा हुआ था. कोबरा सांप की लंबाई लगभग पांच फीट बताई जा रही है.बताया जा रहा है कि काफी देर की कड़ी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ा गया. कोबरा सांप काफी जहरीला बताया जाता है. रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ा, जिसके बाद होटल स्टाफ और टूरिस्ट ने राहत की सांस ली. वन विभाग के अधिकारियों ने कोबरा टीम राजस्थान और सर्पमित्रों की इस सेवा की सराहना की है.

# टीचर की जिंदा जलकर हुई मौत

## > परिजनों ने बताई हत्या

**चंडीगढ़.**



हरियाणा के जींद में एक सरकारी स्कूल के टीचर के घर में आग लग गई और टीचर घर के अंदर ही जिंदा जल गए. शनिवार सुबह जब आसपास के लोगों ने टीचर के घर में आग लगती देखी तो उन्होंने आग लगने की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी.

फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक टीचर बुरी तरह से आग में झुलस चुके थे और उनकी जिंदा जलकर मौत हो गई थी.मृतक टीचर की पहचान राजकुमार के रूप में हुई है, जो जींद के खेड़ा खेमावती गांव में सरकारी शिक्षक थे.

उनका शव इतना जल गया था कि शव की पहचान कर पाना भी मुश्किल हो गया था. टीचर की मौत के बाद उनके घर वालों को जानकारी दी गई. उनकी पत्नी एक नर्स हैं, जो भिवानी में रहती हैं और उनका एक बेटा रोहतक में रहता है. वह पिछले 8 सालों से जींद के एक गांव अमरेहड़ी में मकान लेकर रह रहे थे.

टीचर राजकुमार के घर पर आग कैसे लगी. इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है. हालांकि, पुलिस मामले की जांच कर रही है.स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे से पहले रात को 12 बजे चिल्लाने की आवाज आ रही थी. उन्होंने बाहर आकर देखा तो कुछ नहीं था और आवाज आनी भी बंद हो गईं तो लोग वापस अपने घरों में चले गए.

इसके साथ ही उनके भाई ने ये भी कहा कि हमने आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक कराए हैं. उनमें शनिवार को सुबह के समय आसपास के गांव में एक गाड़ी आती दिखाई दी. उन्होंने कहा कि हमें उन्हीं लोगों पर शक है कि टीचर के घर में उन्होंने ही आग लगाई होगी.

राजकुमार के पिता ने बताया कि उन्हें स्थानीय लोगों ने जानकारी दी कि आपके बेटे की जलकर मौत हो गई है. अब टीचर की मौत को लेकर परिजनों ने सवाल उठाए और इसे हत्या बताई. हालांकि, शुरुआती जांच में कुछ सामने नहीं आया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

# यूक्रेन पर रूस का हमला

**मॉस्को.**



रूस ने शनिवार को यूक्रेन के कई इलाकों पर बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया. हमले में 3 लोगों की मौत हो गई और 26 से ज्यादा घायल हो गए. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि ये हमले निप्रॉपेट्रोस, मायकोलाइव, चेर्निहाइव, जापोरिजिया, पोल्टावा, कीव, ओडेसा, सुमी और खार्किव सहित 9 क्षेत्रों में हुए. रूस ने बुनियादी ढांचे, रिहायशी इलाकों और निजी संस्थानों को निशाना बनाया.

जेलेंस्की ने कहा कि ऐसे हमले हमारे नागरिकों में डर फैलाने और हमारे ढांचे को तबाह करने की रूस की रणनीति का हिस्सा हैं. जेलेंस्की ने यह भी बताया कि वह अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिल सकते हैं. अमेरिका और यूक्रेन की प्रथम महिलाओं के बीच बच्चों से जुड़े मानवीय मुद्दों पर बातचीत हो सकती है.

# पराली जली तो 2 साल तक बंद होगी फसल बिक्री

## >किसान ब्लैकलिस्ट

**नई दिल्ली.**



धान कटाई का सीजन शुरू होते ही कृषि विभाग की चिंताएं बढ़ जाती है. क्योंकि धान की फसलों के अवशेष जलाए जाने से होने वाले पॉल्यूशन होता है और अधिकारियों की जवाबदेही होती है.

कृषि विभाग ने इससे बचने के लिए फसलों के अवशेष जलाने वाले किसानों की पोर्टल पर रेड एंट्री दिखाने का फैसला लिया है. जिससे किसान 2 साल तक फसल नहीं बेच सकेंगे.

अंबाला में धान कटाई का सीजन शुरू होते ही कृषि एवं किसान कल्याण विभाग सतर्क हो गया है. धान के अवशेष में लगने वाली आग को रोकने के लिए विभाग की ओर से गांव, खंड और जिला स्तर पर टीम का गठन किया गया है, अगर कोई किसान धान अवशेष में आग लगाता है तो उस किसान को विभाग की ओर से मेरा फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर दो वर्ष के लिए रेड एंट्री किया जाएगा.

वह किसान दो वर्ष के लिए न अपनी फसल बेच पाएंगे और न ही सरकारी योजना का लाभ मिलेगा. धान अवशेष जलाने पर किसानों पर कानूनी कार्रवाई करनी होगी और जुर्माना भी लगेगा.

कृषि विभाग की ओर से हर गांव में एक-एक टीम का गठन किया गया है. जिले में गांव में 429 टीम का गठन किया गया. इस टीम में पटवारी, पंचायत सचिव, कृषि विभाग कर्मचारी शामिल होंगे.

खंड स्तर पर बीडीपीओ, एसएचओ, कृषि विभाग, केवीके अधिकारी और जिला स्तर पर डीडीए, प्रदूषण विभाग से एक्सईएन, एसडीओ, डीडीपीओ, डीएसपी हेडक्वार्टर, डीएमईयू अधिकारी शामिल होंगे.

खंड व जिला स्तर पर एक-एक टीम का गठन किया गया है. कृषि विभाग के ने बताया किसानों को जागरूक किया जा रहा है. स्कूलों में बच्चों को भी जानकारी दी जा रही है. फिर भी किसानों ने उल्लंघन किया तो एफआईआर दर्ज होगी, जुर्माना लगेगा और पोर्टल पर रेड एंट्री रहेगी जिससे किसान 2 साल तक फसल नहीं बेच पाएंगे.

# राष्ट्रपति ने परिजनों के साथ किया पिंडदान

**पटना.**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को गयाजी पहुंची, जहां विष्णुपद मंदिर में उन्होंने अपने पूर्वजों की आत्मशांति व मोक्ष की कामना को लेकर पिंडदान किया. गया अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विशेष विमान से पहुंची. इसके बाद सड़क मार्ग से विष्णुपद मंदिर पहुंची. इस दौरार बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी उनके साथ थे.राष्ट्रपति के पिंडदान के लिए जिला प्रशासन के जरिए विष्णुपद मंदिर परिसर में हीं विशेष व्यवस्था की गई है. एल्यूमिनियम फैब्रिकेटेड हॉल में तीन कक्ष बनाए गए थे. एक कक्ष में राष्ट्रपति ने अपने परिजन के साथ पिंडदान किया. गयापाल पुरोहित राजेश लाल कटरियार के नेतृत्व में वैदिक क्रियाओं के साथ धार्मिक अनुष्ठान कराया गया. वह पहली बार अपने पूर्वजों का पिंडदान करने गया पहुंची थीं. वो दो घंटे गयाजी में रुकीं और पूरे विधी विधान के साथ पिंडदान किया.

इस दौरान विष्णुपद मंदिर और आस पास का इलाकों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी. राष्ट्रपति आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई. एयरपोर्ट से लेकर विष्णुपद मंदिर तक सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई. एयरपोर्ट से राष्ट्रपति गेट संख्या 5 से, घुघरीटांड़, बाईपास और बंगाली आश्रम होते हुए विष्णुपद मंदिर पहुंची थी.

गयाजी में विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला अपने 15वें दिन में है.आज तक ही पितृपक्ष मेला आयोजित है. गया श्राद्ध का आज 15वां दिन है. मान्यता है कि इस दिन वैतरणी वेदी पर स्नान और तर्पण करने से पिंडदानी के 21 कुलों का उद्धार होता है.

# अमेरिका देगा इजराइल को सैन्य सहायता, कांग्रेस से मांगी सहमति

**गाजा.**

गाजा में इजराइल के नए अभियान का विश्व भर में विरोध हो रहा है, इसके बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का प्रशासन इज़राइल के साथ 6 अरब डॉलर के हथियार सौदे के लिए कांग्रेस की मंज़ूरी मांग रहा है. कतर पर हाल ही में हुए हवाई हमले के बाद ट्रंप प्रशासन ने अपने अरब अलाय को विश्वास दिलाया था कि ऐसा आगे नहीं होगा. रिपोर्ट के मुताबिक हथियार पैकेज में 3.8 अरब डॉलर की कीमत के 30 एएच-64 अपाचे हेलीकॉप्टर और 1.9 अरब डॉलर के 3,250 पैदल सेना के हमले के वाहन शामिल हैं. हालांकि इस सौदे की समीक्षा की जा रही है, लेकिन हथियारों की आपूर्ति अगले दो-तीन सालों तक होने की उम्मीद नहीं है. अमेरिका प्रशासन ऐसे कदम तब उठा रहा है, जब गाजा में इजराइल द्वारा किए गए भीषण नरसंहार में 65 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें से ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं. इन हमलों का भले ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय विरोध कर रहा हो, लेकिन अमेरिका सैन्य और कूटनीतिक दोनों ही रूपों में इजराइली को बिना शर्त समर्थन दे रहा है. 18 सितंबर को गाजा युद्ध पर बुलाई गई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में तत्काल युद्धविराम के आह्वान वाले एक मसौदे को अमेरिका ने अपना वीटो का इस्तेमाल कर रोक दिया. अल मायादीन की खबर के मुताबिक अमेरिका ने इस प्रस्ताव को इस आधार पर अस्वीकार कर दिया कि यह हमास की निंदा नहीं करता और इजराइल के तथाकथित 'आत्मरक्षा के अधिकार' को मान्यता नहीं देता हैं.

# साइबर अटैक से यूरोप में एयरपोर्ट ठप, उड़ानें रद्द

**यूरोप.**




यूरोप के कई प्रमुख हवाई अड्डों पर शनिवार को साइबर हमला हुआ. इनमें लंदन का हीथ्रो, बेल्जियम का ब्रुसेल्स और जर्मनी के बर्लिन एयरपोर्ट शामिल थे.

ये हमले चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम से जुड़ी सर्विस देने वाली कंपनी कोलिंस एयरस्पेस को निशाना बनाकर किए गए. साइबर अटैक की वजह से कई उड़ानें रद्द करनी पड़ी, फ्लाइट ऑपरेशन में देरी हुई और हजारों यात्रियों को परेशानी की सामना करना पड़ा.

यूरोप के कई हवाई अड्डों ने यात्रियों को अपना फ्लाइट स्टेटस चेक करने की सलाह दी है. एयरलाइंस ने असुविधा के लिए यात्रियों से माफी भी मांगी है.

ब्रुसेल्स एयरपोर्ट ने एक बयान में कहा कि हमले का मतलब है कि वहां केवल मैनुअल चेक-इन और बोर्डिंग ही संभव है. बर्लिन के ब्रांडेनबर्ग एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि पैसेंजर हैंडलिंग सिस्टम के एक सर्विस प्रोवाइडर पर भी हमला हुआ इसके बाद एयरपोर्ट के संचालकों को सिस्टम से कनेक्शन काटना पड़ा.

यूरोप के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे हीथ्रो ने इसे तकनीकी समस्या बताया. एयरपोर्ट ने कहा कि इससे चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम सर्विस प्रभावित हुई है. हीथ्रो ने एक स्टेटमेंट जारी कर कहा, दुनिया भर के कई एयरपोर्ट्स पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम सर्विस देने वाली कंपनी तकनीकी समस्या का सामना कर रही है.

इससे प्रस्थान करने वाले यात्रियों को देरी हो सकती है. वहीं फ्रांस ने कहा कि साइबर अटैक का असर केवल कुछ हवाई अड्डों पर ही महसूस किया गया है. पेरिस के रोइसी, ओरली और ले बौर्जेट हवाई अड्डों पर कोई समस्या नहीं आई है.

आयरलैंड के डबलिन एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 को ऐहतियातन खाली करा लिया गया है. पिछले साल सितंबर में एक ग्लोबल आईटी क्रैश ने भी उड़ानों को रोका था.

यह समस्या क्रोव्ड्सट्रिक नामक कंपनी के गलत सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण हुई थी. इससे पता चलता है कि हवाई यात्रा डिजिटल सिस्टम्स पर किस तरीके से निर्भर हो चुकी है.

# इंदौर में अनोखा रावण दहन

## > जलेंगे 11 मुखी महिला अपराधियों के पुतले

**भोपाल.**




सदियों से चली आ रही विजयादशमी की रावण दहन परंपरा को इस बार इंदौर ने नया रूप दिया है- बुराई के प्रतीकों को जलाकर अच्छाई का संदेश फैलाने का संकल्प. इंदौर के महालक्ष्मी मेला ग्राउंड में इस बार दशहरे पर परंपरागत रावण दहन की जगह महिला अपराधियों के पुतले जलाए जाएंगे. रावण के 10 चेहरों की जगह उन 11 महिलाओं के पोस्टर लगाए गए हैं जिन पर आरोप है कि उन्होंने अपने पतियों या मासूम बच्चों की बेरहमी से हत्या की थी.इनमें सबसे चर्चित नाम सोनम का है, जिस पर आरोप है कि उसने हनीमून पर शिलांग ले जाकर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या कर दी. यह आयोजन समाज में घरेलू हिंसा और पत्नी पीड़ित पुरुषों के मुद्दों को सामने लाने के उद्देश्य से किया जा रहा है और शहर में इसकी चर्चा जोरों पर है.इस बार दशहरे पर रावण के 10 सिरों के बजाय उन महिलाओं के पोस्टर होंगे जिनके अपराधों ने समाज को झकझोर दिया. आयोजन 2 अक्टूबर की शाम साढ़े छह बजे महालक्ष्मी मेला ग्राउंड में होगा और इस संस्था पौरुष (पीपुल अगेंस्ट अनइक्वल रूल्स यूज्ड टू शेल्टर हैरासमेंट) आयोजित कर रही है.यह कार्यक्रम सिर्फ पुतला दहन नहीं बल्कि समाज में महिला अपराधों पर भी ध्यान खींचने की कोशिश है.

11 मुखी महिला अपराधियों के पुतले जलाना महिला अपराधों के खिलाफ कड़ा संदेश होगा और समाज को यह सोचने पर मजबूर करेगा कि घरेलू हिंसा या हत्या जैसी घटनाओं को किसी भी परिस्थिति में सही नहीं ठहराया जा सकता. दशहरे के इस अवसर पर यह अनूठी पहल चर्चा में है और शहर के लोग इस कार्यक्रम को लेकर उत्सुक हैं.

### घरेलू हिंसा पर जागरूकता

संस्था पौरुष के एडवोकेट अशोक दशोरा के मुताबिक यह कार्यक्रम पत्नी पीड़ित पुरुषों की आवाज बुलंद करने के लिए किया जा रहा है.इस बार का आयोजन सिर्फ एक सांकेतिक संदेश है ताकि लोग घरेलू हिंसा के हर रूप को समझें और उसका विरोध करें. इंदौर के इस अनोखे आयोजन से समाज में एक अलग तरह का संदेश जाएगा. आयोजकों का कहना है कि रावण दहन प्रतीक है बुराई के अंत का और इस बार वे यह दिखाना चाहते हैं कि बुराई केवल पुरुष तक सीमित नहीं है.

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, रविवार, 21 सितंबर 2025

# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली



## बाघ के हमले में, महिला की मौत

**> लोगों में वन कर्मचारी के खिलाफ आक्रोश**

**> शंकरपुर-भिसी रोड स्थित लावारी खेत परिसर की घटना**

**चिमूर. शुभम बारसागडे**

चिमूर तहसिल के शंकरपूर से सात किमी. भितर स्थित लावारी गाव के नजदिकी खेत परिसर मे धान का निंदा करते वक्त एक महिला पर, छिपे, टाँके लगाए बैठे हुये बाघ ने अचानक से हमला करके जान से मार दिया। यह घटना दि. 18 सप्टेंबर को सुबह 10 बजे के दौरान घटी।

विद्या कैलास मसराम उमर (42) साल, ग्राम लावारी ऐसा महिला का नाम है।

दि.17 सप्टें. को महिला के खेत मे 10 से 11 मजूरों के साथ धान का निंदा शुरु था। उसी दिन उनका खेत का काम पुरा हुआ। दुसरे दिन महिला के पती खेती के लिये खाद लेकर आता हू, उसके बाद हम दोनो खेत पर जायेंगे ऐसा कहकर, बैलबंडी लेकर चले गये। खेत का कुछ काम बाकी था, पती आने से पहले काम निपटा लेती हू यह सोचकर महिला घर से खेत चली गयी। जैसे ही वो खेत मे उतरी तभी बाघ ने अचानक से हमला कर उसे जान से मार दिया। और उसके शव को घसीटकर खेत तालाब के बांध पर लाकर आधा खा लिया। बाजू के ही खेत मे कुछ मजूर काम कर रहे थे, लेकीन उनको भी इस घटना के बारे मे कुछ पता नही चला। जब महिला के पती कैलास खाद लेकर खेत मे आया तो उसे पत्नी दिखाई नही दियी तो वह घर चला गया। बच्चो ने बताया की मा तो आधा घंटे पहले ही खेत चली गयी। वो फिर खेत मे आकर धुंडने लगा तो उसे लाल रंग स्कार्प दिखा और बाघ के पैर के निशाण दिखाई दिये। बाजू के खेत मे काम करणे वाली महिलाओं



को बुलाकर इधर उधर धुंडने के बाद खेत तालाब के बांध पर महिला आधा शव दिखाई दिया। घटना की जानकारी पुलीस तथा वनविभाग को दियी गयी। पुलीस स्टॉप और वनरक्षक बोरकर घटनास्थल पर दाखल हुये।लेकीन वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर देर से पहूचणे के कारण शव का पंचनामा करणे मे देरी हुयी।

**वनविभाग की अनदेखी; ग्रामिनो मे क्रोध:** इस क्षेत्र के खेत परिसर मे रोज बाघ दिखाई देने की जाणकारी वनरक्षक बोरकर को आठ दिन पहले दियी गयी। लेकींन वनरक्षक बोरकर ने इसकी जाणकारी वरिष्ठो को नही दियी उलटा जानकारी देने वाले नागरिको को धमका रहे थे। तो क्रोधित लोगों ने वनरक्षक बोरकर को पिटने की कोशीष कियी। परंतु, पुलीस विभाग की सजकता से संरक्षण दिया गया। फिर भी घुस्सेल लोगों ने वनरक्षक बोरकर की दु-पहिया फोड दी।

चिमूर वनपरिक्षेत्र अधिकारी देऊळकर घटनास्थल पर पहूचकर मृतक के परिवार को 50 हजार नगद, 10 लाख का चेक और उनके लडके को वनविभाग मे नोकरी देने का और वनरक्षक बोरकर का तुरंत ट्रान्सफर करणे का आश्वासन दिया। उसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

घटना को देखणे के लिये लावारी, आंबोली, गडपीपरी, चिचाला शास्त्री, बोरगाव इन गाव के नागरिकों की बडी संख्या मे भीड थी। जमाव को शांत करणे के लिये पुलीस विभाग को बहोत परेशान झेलनी पडी।


**बाघ का आतंक जारी; तहसिल की चौथी घटना :** इसके पहले नेरी क्षेत्र मे, हेटी निवासी बंडू समर्थ नामक किसान को बाघ ने हमला करके गंभीर जखमी किया। वही बोलढा मे नाकडे और कोटगाव के किसान गरमळे को घायल किया था। इस क्षेत्र मे कई बार बाघ के पगदंड दिखाई दे रहे है। बाघ की मौदूगीसे से क्षेत्र मे दहशत का माहौल है।

## राजीव गांधी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी, चंद्रपुर में 'इंजीनियर्स दिवस' मनाया

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

भारत रत्न, महान इंजीनियर विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर 18 सितंबर, 2025 को "इंजीनियर्स दिवस" उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर विश्वे श्वरैया के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर चंद्रपुर के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एम. श्रीनिवास रेड्डी, वन अकादमी चंद्रपुर के पाठ्यक्रम निदेशक नरेंद्र चेतुले, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल चिताडे, चंद्रपुर स्थानीय केंद्र के सचिव डॉ. राजेश ठोंबरे, प्राध्यापक, छात्र और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का परिचय डॉ. राजेश ठोंबरे ने दिया।

प्राचार्य डॉ. अनिल चिताडे ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हम "इंजीनियर्स डे" को भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के रूप में मनाते हैं। सर



विश्वेश्वरैया ने अपने इंजीनियरिंग कौशल से न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाई। बाँधों, सिंचाई परियोजनाओं, औद्योगिक विकास और राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अद्वितीय है। उन्होंने "कर्तव्य, ईमानदारी और नवाचार" के मूल्यों पर ज़ोर दिया। आज के विद्यार्थियों को उनके आदर्श को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों का अध्ययन करना चाहिए, शोध को बढ़ावा देना चाहिए और अपने ज्ञान का उपयोग समाज के विकास के लिए करना चाहिए।

एम. श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि इंजीनियर केवल तकनीक के निर्माता ही नहीं, बल्कि समाज के शिल्पकार भी हैं। हम सभी में अद्वितीय प्रतिभा होती है। उस प्रतिभा का उपयोग करके हम देश को नवाचार की दिशा दे सकते हैं। आज के दिन, आइए हम संकल्प लें कि "ज़िम्मेदार इंजीनियर" के रूप में, हम देश और समाज की सेवा में अपना योगदान देंगे। उन्होंने समाज के प्रति इंजीनियरों की ज़िम्मेदारियों और तकनीक के क्षेत्र में नवाचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी विद्यार्थियों को प्रेरक व्याख्यान दिए।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन संयोजक प्रो. प्रमोद सहारे ने किया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## सांस्कृतिक हॉल परंपराओं, संस्कृति और मूल्यों को संरक्षित रखेगा

**> 60 लाख रुपए की लागत से बनेगा सांस्कृतिक भवन**

**> विधायक किशोर जोरगेवार करेंगे भूमिपूजन**

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

तुकुम के हनुमान मंदिर क्षेत्र में बनने वाले सांस्कृतिक हॉल के लिए विधायक किशोर जोरगेवार ने 60 लाख रुपये की निधि स्वीकृत की है। आस्था, संस्कृति और एकता के प्रतीक इस क्षेत्र में बनने वाला यह हॉल विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक उपयुक्त मंच प्रदान करेगा।

विधायक जोरगेवार ने कहा कि यह हॉल आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी परंपराओं, संस्कृति और मूल्यों को संरक्षित करने का एक सशक्त मंच होगा । इस कार्य का शिलान्यास विधायक किशोर जोरगेवार ने किया. इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष सुभाष कासनगोट्टुवार , भाजपा नेता प्रकाश देवतले , नामदेव दाहुले , महासचिव रवि गुरुनुले , तुषार सोम , सुनील महाराज केवट , मंडल अध्यक्ष स्वप्निल डुकरे , माया मंडाडे , सीमा मडावी , सुधाकर बोंडे , हरिश्चंद्र भाकेरे , नलिनी देशमुख , विद्या वासेकर , प्रज्ञा गांडेवार , पुरूषोत्तम राहुत , सुमित बेले , आशा मौजूद थे। बेले , आशा देउलकर , प्रमोद शास्त्रकार , जयकुमार सिंह एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर आगे बोलते हुए, विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि नागरिकों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक सांस्कृतिक केंद्र की आवश्यकता थी। आज उनका यह सपना साकार हो रहा है। यह हॉल न केवल बनना चाहिए , बल्कि इसका उपयोग सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए किया जाना चाहिए। इसमें हमारे समाज के हर वर्ग की भागीदारी होनी चाहिए। हम विकास कार्यों को निरंतर प्राथमिकता दे रहे हैं।

मैं इस क्षेत्र में लंबित अन्य कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास करूँगा। यह जो हॉल बन रहा है, वह हमारा है , यह हम सभी के सपनों का केंद्र है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि इसका उपयोग एकता , प्रगति और सांस्कृतिक उत्थान के लिए किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## जिले में 23 से 27 तक पर्यटन महोत्सव

**विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर गढ़चिरोली पर्यटन को दें बढ़ावा: जिलाधिकारी पांडा**



**गढ़चिरोली.** विश्व पर्यटन दिवस (27 सितंबर) के उपलक्ष्य में जिले में पर्यटन विकास को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 23 से 27 सितंबर 2025 तक पर्यटन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में जिले के पर्यटन स्थलों की पहचान दूर-दूर तक बने, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने का आह्वान जिलाधिकारी अविश्यांत पांडा ने किया है। इस संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुहास गाडे, उपवन संरक्षक श्रीमती आर्या, आदिवासी प्रकल्प अधिकारी व सहायक जिलाधिकारी रणजीत यादव, प्रकल्पगुरु श्रीराम कावळे, उपजिलाधिकारी स्मिता बेलपत्रे, मुख्याधिकारी सूर्यकांत पिदुरकर, शिक्षा अधिकारी वासुदेव भुसे, पंकज नंदगिरीवार, सहायक प्राध्यापक प्रितेश जाधव समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस महोत्सव के लिए जिलाधिकारी कार्यालय, जिला परिषद, गोंडवाना विश्वविद्यालय, वन विभाग, भारतीय पुरातत्त्व विभाग, आदिवासी विकास विभाग, जिला जनसंपर्क कार्यालय, स्वच्छ भारत मिशन, नेहरू युवा केंद्र/एनएसएस, उमेद-माविम-खादी ग्रामोद्योग, शिक्षा विभाग और पंचायत विभाग को विशेष जिम्मेदारियां दी गई हैं। स्वच्छता अभियान, कम प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार, सुविधाओं की जांच और डिजिटल प्रमोशन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### पांच दिवसीय महोत्सव के प्रमुख कार्यक्रम

**23 सितंबर:** निबंध लेखन, समाचार लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता

**24 सितंबर:** स्कूलों के माध्यम से पर्यटन जागरूकता अभियान, वैद्यकीय औषधीय पौधों का प्रदर्शन, पैनल चर्चा

**25 सितंबर:** विरासत यात्रा, स्वच्छता अभियान, लोककथा कथन और पारंपरिक खेल

**26 सितंबर:** आदिवासी उत्पाद एवं पर्यटन बाज़ार कार्यशाला, आदिवासी फैशन शो और नृत्य कार्यक्रम

**27 सितंबर:** समापन समारोह और परिवर्तन उद्घोष कार्यक्रम। इस दिन छह पर्यटन गाँव (सांस्कृतिक, जंगल, स्वास्थ्य, जल, आध्यात्मिक व परिवर्तनशील) घोषित किए जाएंगे और उत्कृष्ट गाँव, विभाग एवं युवाओं को सम्मानित किया जाएगा।

इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विजेताओं को ₹ 5001, ₹3001 और ₹1001 तक की पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। चयनित लेख एवं शोध लेख शैक्षणिक पत्रिकाओं में प्रकाशित करने का अवसर भी दिया जाएगा।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला परिवर्तन समिति कक्ष (9422634002) या कार्यक्रम की नोडल अधिकारी तथा उपजिलाधिकारी (रोजगार हमी योजना) स्मिता बेलपत्रे से संपर्क किया जा सकता है। सोशल मीडिया प्रचार के लिए #gadchirolitourismfestival, #gadchirolitourism, #पर्यटनपरिवर्तनमहोत्सव2025 जैसे हैशटैग उपयोग किए जाएंगे। स्थानीय युवाओं, विद्यार्थियों और ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी से गढ़चिरौली के पर्यटन क्षेत्र में नए परिवर्तन की उम्मीद व्यक्त की गई है।

## सांसद धानोरकर की मांग पर राजस्व मंत्री सकारात्मक

**> अतिरिक्त भार' पर रॉयल्टी माफ करने की मांग**

**चंद्रपुर.**



सांसद प्रतिभा धानोरकर ने मांग की है कि कोयला खदानों से निकलने वाले 'ओवर बर्डन' (मिट्टी और पत्थर) पर रॉयल्टी माफ की जाए और चंद्रपुर जिले के विकास और किसानों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण पांदन सड़कों की मरम्मत के लिए इसे निःशुल्क उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान उन्होंने राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को इस संबंध में एक पत्र सौंपा। राजस्व मंत्री ने इस गंभीर मुद्दे का जल्द ही सकारात्मक समाधान निकालने का आश्वासन दिया है।

ज़िले में कोयला खदानों के कारण भारी मात्रा में 'ओवरबर्डन' के ढेर लग गए हैं। इससे नदियों का प्राकृतिक प्रवाह बदल गया है और पर्यावरण को भी भारी नुकसान हो रहा है। सांसद धानोरकर ने पत्र में उल्लेख किया है कि इस 'ओवरबर्डन' का उपयोग क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए किया जा सकता है। इससे किसानों की समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलेगी।

पत्र में मांग की गई है कि पांदन सड़कों के निर्माण कार्य में प्रयुक्त 'ओवर बर्डन' पर लगने वाली सभी रॉयल्टी माफ कर दी जाए और स्थानीय प्रशासन के माध्यम से किसानों या ग्राम पंचायतों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाए। राजस्व मंत्री द्वारा इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दिए जाने से किसानों में संतोष का माहौल है। उम्मीद है कि यदि यह निर्णय लिया जाता है, तो इससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और जिले की एक बड़ी पर्यावरणीय समस्या का समाधान भी हो सकेगा।

## आखिरकार 'उस' आदमखोर बाघ को किया गया बंदी, वन विभाग की कड़ी कार्रवाई



**चिमूर, शुभम बारसागडे :** शंकरपुर से लगभग सात किलोमीटर दूर स्थित लावारी की रहने वाली विद्या कैलाश मसराम नामक महिला को 18 सितंबर की सुबह 10 बजे दौरान खेत में काम करते समय एक बाघ ने हमला कर, जान से मार डाला। इस घटना के बाद, शंकरपुर और भिशी क्षेत्र के नागरिकों ने वन विभाग से बाघ को तुरंत पकड़ने की मांग की थी। क्रोधित नागरिकों ने वनरक्षक बोरकर के साथ मारपीट और दोपहिया वाहन तोड़फोड़ करने की कोशिश की। इस गंभीर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए, वन विभाग ने तुरंत उस क्षेत्र में ट्रैप कैमरे लगाए। चूँकि बाघ उस जगह पर अक्सर देखा जाता था, इसलिए अगले दिन, 19 सितंबर को, इस आदमखोर बाघ को पकड़ने के लिए घटना स्थल के पास एक पिंजरा लगाया गया। योजना पर अमल हुआ। सिर्फ़ दो घंटे की मशक्कत के बाद रात करीब 10 बजे बाघ पिंजरे में फँस गया। इससे क्षेत्र के नागरिकों ने वन विभाग के काम की सराहना की है और माँग की है कि जंगल में मौजूद अन्य बाघों पर भी कैमरों से नज़र रखी जाए और ऐसी घटनाएँ दोबारा न हों।

## दिव्यांग कल्याण नीति के अंतर्गत 34 दिव्यांग लाभार्थियों को

**> 23.82 लाख रुपये का अनुदान दिया गया**

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर नगर निगम दिव्यांगजनों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने और उनके परिवारों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिव्यांग कल्याण नीति लागू कर रहा है। इसके अंतर्गत 34 दिव्यांग लाभार्थियों को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए कुल 23.82 लाख रुपये का अनुदान दिया गया है।

कई दिव्यांगजन अपना स्वयं का व्यवसाय या छोटा उद्योग शुरू करना चाहते हैं, लेकिन पर्याप्त पूंजी न होने के कारण व्यवसाय शुरू नहीं कर पाते। ऐसे दिव्यांगजनों के लिए चंद्रपुर महानगरपालिका की दिव्यांग कल्याण नीति के अंतर्गत विभिन्न बैंकों के माध्यम से 2 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। महानगरपालिका की दिव्यांग कल्याण नीति के अंतर्गत बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाती है। चंद्रपुर नगर निगम के माध्यम से अब तक 34 दिव्यांगजन लाभार्थियों ने इस योजना का लाभ उठाया है और उन्हें कुल 23.82 लाख रुपये का अनुदान दिया गया है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को व्यवसाय शुरू करने, आत्मनिर्भर बनने और अपने परिवार में योगदान देने तथा आर्थिक प्रगति करने में सक्षम बनाना है।

जो दिव्यांगजन नया व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं या मौजूदा व्यवसाय का विस्तार करना चाहते हैं, वे ऋण और अधिक जानकारी के लिए कार्यालय समय में कस्तूरबा रोड जुबली स्कूल के सामने, सरकारी अस्पताल के पीछे स्थित नगर निगम दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन कार्यालय (बीपीएल कार्यालय) से संपर्क कर सकते हैं। नगर आयुक्त ने अधिक से अधिक दिव्यांगजनों से योजना का लाभ उठाने की अपील की है।




## मिडास हॉस्पिटल, नागपुर ने एंडोस्कोपी से निकाला रेज़र ब्लेड, मरीज की जान बचाई

**चंद्रपुर.**

मिडास हॉस्पिटल, नागपुर के वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ मुकेवार और उनकी विशेषज्ञ टीम ने एक जटिल एंडोस्कोपिक सर्जरी में मरीज की अन्ननली (इसोफैगस) में फंसे रेज़र ब्लेड को सफलतापूर्वक निकाला। यह ब्लेड मरीज ने लगभग दो हफ्ते पहले निगल लिया था।

40 वर्षीय मरीज, जिसे 15 वर्षों से स्किज़ोफ्रेनिया की बीमारी थी, को भोजन निगलने में कठिनाई की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में पता चला कि मरीज की अन्ननली में पूरी मोटाई का छेद (फुल-थिकनेस पर्फोरेशन) था। डॉ. मुकेवार की टीम ने 8 मार्च को नाजुक सर्जरी कर ब्लेड को सावधानी से निकाला और अन्ननली के छेद को मेटल स्टेंट से बंद किया। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मदद से मरीज का समग्र इलाज भी किया गया।डॉ. मुकेवार ने कहा, "मरीज की शारीरिक और मानसिक दोनों स्वास्थ्य की देखभाल करना बड़ी चुनौती थी।



हमारी टीम के प्रयासों से मरीज अब सामान्य रूप से भोजन कर पा रहा है और स्वस्थ हो रहा है। मिडास हॉस्पिटल नवीनतम चिकित्सा तकनीकों और संवेदनशील देखभाल के साथ नागपुर और मध्य भारत में स्वास्थ्य सेवा का एक प्रमुख केंद्र है।

## राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा

**चंद्रपुर.**

महाराष्ट्र राज्य के राजस्व मंत्री तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखरजी बावनकुले कल शनिवार 20 सितंबर 2025 को चंद्रपुर के दौरे पर हैं। उनकी उपस्थिति में एक भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

यह सभा सायं 5:00 बजे जैन भवन, पठानपुरा रोड , चंद्रपुर में आयोजित होगी । भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा जिले के सभी पदाधिकारियों, पूर्व नगरसेवकों , शक्तिकेंद्र प्रमुखों और बूथ प्रमुखों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है। इस संबंध में भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष इंजी. सुभाष कासंगोट्टुवार ने सभी शक्तिकेंद्र प्रमुखों के साथ-साथ अपने बूथ प्रमुखों से कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# रविवारीय

## सुविचार

**जिसकी फितरत हमेशा बदलने की हो, वह कभी किसी का नही हो सकता, चाहे वह समय हो या इंसान.**

# तांबा या पीतल! किस बर्तन में खाना है बेहतर?




❑ हम किस बर्तन में खाना बना रहे हैं इसका ध्यान रखना बेहद जरूरी है. भारतीय घरों में आमतौर पर खाना बनाने के लिए स्टील, लोहे, पीतल, तांबे और एल्युमिनियम के बर्तन का इस्तेमाल किया जाता है. तांबा और पीतल दो ऐसी धातु हैं, जो सेहत के लिहाज से काफी फायदेमंद बताई जती हैं. पुराने समय में तांबे के बर्तन में खाना पकाया जाता है. हालांकि, आज भी कई लोग तांबे के बर्तन का इस्तेमाल अपने किचन में करते हैं. ऐसा माना जाता है कि तांबे के बर्तन में खाना पकाने से भोजन में न्यूट्रिशन बेहतर तरह से अब्जॉर्ब होते हैं, जिससे पाचन बेहतर रहता है और शरीर को कई फायदे मिलते हैं. वहीं, पीतल भी कई किचन का हिस्सा है और शरीर को फायदे पहुंचाता है. लेकिन दोनों में से किस बर्तन में खाना पकाना ज्यादा फायदेमंद है. चलिए इस आर्टिकल में जानते हैं. तांबे में एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो पेट की समस्याओं को दूर रखते हैं. इसके अलावा तांबा आयरन की कमी को दूर कर हीमोग्लोबिन के निर्माण में मदद करता है, जिससे रेड ब्लड सेल्स का प्रोडक्शन सही रहता है. तांबे के बर्तन में खाना पकाने या खाने से शरीर को डिटॉक्स करने में भी मदद मिलती है. साथ ही हड्डियां भी मजबूत होती है. सबसे खास बात ये कि तांबे के बर्तन में खाना जल्दी पकता है और जलने की संभावना कम रहती है. इसमें खाना बनाने से विटामिन्स और मिनरल्स का मात्रा बनी रहती है. फायदे के साथ ही तांबा खाने का स्वाद भी बढ़ाता है. कुछ घरों में पीतल के बर्तन का भी इस्तेमाल किया जाता है. अगर आप पीतल के बर्तन में खाना पकाती हैं तो इसमें खाना देर तर गर्म रहता है. पीतल में जिंक की मात्रा होती है. ऐसे में जब आप पीतल के बर्तन में खाना पकाती हैं तो ये बालों और त्वचा के लिए फायदेमंद होता है. इतना ही नहीं कहा जाता है कि पीतल के बर्तन में खाना और पकाना दोनों ही अच्छा होता है. इससे पाचन बेहतर रहता है, इम्यूनिटी बूस्ट होती है और खाने के न्यूट्रिशन भी बरकरार रहते हैं.

# शारदीय नवरात्रि की परंपरा किसने शुरू की?

❑ नवरात्रि शक्ति साधना का महापर्व कहा जाता है. नौ दिनों तक मां दुर्गा और उनके नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना होती है. लेकिन सवाल उठता है नवरात्रि व्रत की शुरुआत कब और कैसे हुई? शास्त्र और परंपरा इस सवाल का जवाब दो रूपों में देते हैं. चैत्र नवरात्र का उद्गम प्राचीन काल से जुड़ा है, जबकि शारदीय नवरात्रि की परंपरा समय के साथ स्थापित होकर सबसे लोकप्रिय बन गई.नवरात्रि भारत के सबसे बड़े उत्सवों में से एक है, जिसे शक्ति साधना का पर्व कहा जाता है.

नौ दिनों तक मां दुर्गा और उनके नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है लेकिन अक्सर लोग पूछते हैं आखिर सर्वप्रथम नवरात्रि का व्रत किसने रखा था. शास्त्रों और परंपराओं में इसका उत्तर दो भागों में मिलता है एक ओर मार्कंडेय पुराण बताता है कि नवरात्रि व्रत की शुरुआत राजा सूरथ और समाधि वैश्य ने की थी, जबकि दूसरी ओर रामायण में उल्लेख है कि शारदीय नवरात्रि की परंपरा भगवान श्रीराम ने स्थापित की. आइए दोनों पहलुओं को विस्तार से समझते हैं.



मार्कंडेय पुराण के देवी महात्म्य यानी दुर्गा सप्तशती में विस्तार से वर्णन मिलता है कि सबसे पहले नवरात्रि का व्रत राजा सूरथ और समाधि वैश्य ने रखा. कथा के अनुसार, राजा सूरथ अपने शत्रुओं से हारकर राज्य से वंचित हो गए. दुखी होकर वे वन में चले गए, जहां उनकी मुलाकात समाधि नामक व्यापारी से हुई.

समाधि को भी उसके परिवार ने त्याग दिया था. दोनों ही गहरी पीड़ा में थे और उत्तर खोजते-खोजते मेडा ऋषि के आश्रम पहुंचे. राजा और व्यापारी ने मुनि से अपने दुखों का समाधान पूछा. तब मुनि ने उन्हें बताया कि संसार की सारी शक्तियां आदिशक्ति दुर्गा के अधीन हैं और यदि वे नवरात्र के नौ दिनों तक मां की उपासना करें, तो उनकी मनोकामनाएं पूरी होंगी. राजा सूरथ और समाधि ने पूरे नियम से नौ दिनों तक उपवास और पूजा की. मां दुर्गा प्रसन्न हुईं और राजा को अगले जन्म में साम्राज्य तथा व्यापारी को मोक्ष का वरदान दिया.

यही कारण है कि कहा जाता है नवरात्रि व्रत का प्रथम पालन राजा सुरथ और समाधि वैश्य ने किया था. दूसरी ओर रामायण और लोककथाओं में उल्लेख है कि जब श्रीराम रावण से युद्ध की तैयारी कर रहे थे, तब उन्होंने विजय की कामना से मां दुर्गा की पूजा का संकल्प लिया. समस्या यह थी कि उस समय शरद ऋतु चल रही थी, जबकि नवरात्रि का पर्व पारंपरिक रूप से चैत्र मास में आता था.

तब श्री राम ने शास्त्रों से हटकर शरद ऋतु में ही मां दुर्गा की पूजा आरंभ की. इसे ही अकाल बोधन कहा गया यानी समय से अलग काल में देवी का आवाहन. मां दुर्गा ने श्रीराम को विजय का आशीर्वाद दिया और उसके बाद ही रावण-वध संभव हुआ. इस घटना के बाद से ही शारदीय नवरात्रि की परंपरा शुरू हुई, जो समय के साथ सबसे अधिक लोकप्रिय बन गई.

## घटस्थापना का मुहूर्त

❑ मुहूर्त. 22 सितंबर को घटस्थापना या कलश स्थापना करने के लिए उत्तम मुहूर्त सुबह 6:10 बजे से लेकर 8:06 बजे तक। यह लगभग 1 घंटा 56 मिनट का अवधि है, जिसे मुख्य मुहूर्त माना गया है। दूसरा शुभ मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त है सुबह 11:50 बजे से दोपहर 12:39 बजे तक रहेगा।



# सिंघाड़े के आटे से बनाएं टेस्टी दही बड़े


❑ दही बड़े खाना तो लगभग हर किसी को पसंद होता है। उड़द की दाल से लेकर सूजी और ब्रेड के बड़े तो कई बार बनाए होंगे। लेकिन इस बार बनाएं फलाहारी दही बड़े, जिसका स्वाद लाजवाब लगेगा और हर किसी को पसंद आएगा। सबसे खास बात कि इसे बनाने के लिए बहुत सारी मेहनत और समय की जरूरत नहीं है। बस फटाफट तलें और दही में मिलाकर सर्व करें। तो चलिए जानें कैसे बनाएं फलाहारी दही बड़े।



बनाने की सामग्री: 1 कप सिंघाड़े का आटा, 2 उबले आलू, हरी मिर्च दो से तीन, हरी धनिया बारीक कटी हुई, एक इंच अदरक का टुकड़ा बारीक कटा हुआ, दही अच्छी तरह से फेंटी हुई, सेंधा नमक, भुना जीरा, लाल मिर्च पाउडर.

विधि: सबसे पहले सिंघाड़े के आटे को लें। इसमे उबले आलू को अच्छी तरह से मैश कर मिला लें। साथ में सेंधा नमक, बारीक कटी हरी मिर्ची, हरी धनिया और अदरक के टुकड़े डालें। इन्हें अच्छी तरह से मैश करें। सारी चीजों को मिलाने के बाद इस पेस्ट को हल्का सा गीला ही रखें और ढेर सारा हाथों की मदद से फेंटे। कड़ाही में तेल गर्म करें और हाथ में पानी लगाकर एक-एक पकौड़ियों को तलें। तलने के बाद अच्छी तरह से फेटें दही में डाल दें। साथ में सेंधा नमक, भुना जीरा, लाल मिर्च पाउडर डालें और अच्छी तरह से मिला दें। बस तैयार है टेस्टी फलाहारी दही बड़े। इसे आप किसी भी व्रत में आराम से खा सकते हैं।

# डांडिया नाइट के लिए ट्रेंडी आउटफिट्स




❑ नवरात्रि का त्यौहार आते ही चारों तरफ खुशी और उमंग की लहर दौड़ जाती है. नौ दिनों तक चलने वाला यह त्यौहार पूजा-पाठ और भक्ति के साथ एक ऐसा मौका होता है जब लोग सजधज कर गरबा और डांडिया के रंग में डूब जाते हैं. खासतौर पर महिलाएं और लड़कियां महीनों पहले से तैयारी शुरू कर देती हैं. कपड़े, ज्वेलरी, मेकअप और हेयरस्टाइल सब कुछ खास होता है. हर साल गरबा नाइट में एक से बढ़कर एक स्टाइलिश लुक्स देखने को मिलते हैं. इस नवरात्रि अगर आप भी डांडिया-गरबा नाइट में सबसे ज्यादा तारीफें पाना चाहती हैं, तो आइए आज हम आपको कुछ शानदार आउटफिट आइडियाज और स्टाइलिंग टिप्स बताते हैं.

अगर आप ट्रेडिशनल गुजराती लुक चाहती हैं तो मल्टीकलर चनिया चोली एकदम परफेक्ट चॉइस है. इस पर मिरर वर्क, कढ़ाई और ब्राइट कलर्स इसे खास बनाते हैं. इसके साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी और गजरा वाला हेयरबन लुक को कम्प्लीट करेगा. अगर आपके पास बांधनी या कोई रंग-बिरंगी साड़ी रखी है तो उसे किसी अच्छे टेलर से लहंगे में बदलवा लें. उसमें मिरर वर्क या गोटा-पट्टी का थोड़ा काम करवा दें. इससे आपका डांडिया-गरबा नाइट का परफेक्ट लुक तैयार हो जाएगा.

यह तरीका उन लोगों के लिए है जो पुराने कपड़ों को दोबारा पहनकर भी नया लुक पाना चाहते हैं. अगर आपके पास कोई पुरानी लेकिन ब्राइट कलर की साड़ी है तो उसे गोटा वर्क वाले ब्लाउज के साथ पहनें. इससे साड़ी को एक नया स्टाइलिश टच मिलेगा. आप चाहे तो ब्लाउज पर मिरर या लेस का काम खुद भी जोड़ सकती हैं. अगर आप लहंगा या चोली पहन रही हैं तो उसके साथ एक हैवी मिरर वर्क या गोटा -पट्टी वाला दुपट्टा लें. आप किसी पुराने दुपट्टे पर खुद भी मिरर या गोटा लगाकर इसे रेडी कर सकती हैं. ये भी आपके लुक को और सुंदर बना देगा. अगर आपको हल्के और सिंपल रंग पसंद हैं तो पेस्टल फ्लोरल लहंगा एक प्यारा और फ्रेश लुक देगा, जो हल्के बालों में फूलों की एक्सेसरी और सिंपल मेकअप के साथ और भी सुंदर लगेगा.

# नवरात्रि के लिए ग्लोइंग मेकअप लुक्स



❑ त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है, और नवरात्रि के दौरान तो हर कोई चाहता है कि उसका लुक सबसे अलग और दमदार हो। रंग-बिरंगे आउटफिट्स के साथ एक परफेक्ट मेकअप लुक आपका कॉन्फिडेंस और ग्लैमर दोनों बढ़ा सकता है। जानिए इस साल के ट्रेंडिंग गरबा मेकअप लुक्स जिन्हें आप ट्राय कर सकती हैं। नाच-गाने वाली रातों में मेकअप लंबे समय तक टिका रहे इसके लिए मीडियम कवरेज फाउंडेशन चुनें। अगर फाउंडेशन से सभी दाग नहीं छुपें, तो कंसीलर का इस्तेमाल करें। हल्का पाउडर लगाकर मेकअप को सेट करें, खासतौर पर टी-ज़ोन को मैटीफाई करें जिससे ऑयली लुक न आए।गालों के ऊपरी हिस्से पर लिक्विड हाइलाइटर लगाएं ताकि चेहरे पर नैचुरल ग्लो आए। इंडियन स्किन टोन पर वॉर्म शेड्स सबसे अच्छे लगते हैं। गुलाबी-कांस्य या टेराकोटा ब्लश का इस्तेमाल करें। शिमरी ब्लश त्योहार के आउटफिट्स के साथ शानदार दिखता है। आंखों की गहराई बढ़ाने के लिए गहरे भूरे आईशैडो से सॉकेट लाइन को डिफाइन करें। वॉटरप्रूफ काजल से ऊपरी और निचली वाटर लाइन को डार्क करें। स्मोकी इफेक्ट चाहिए तो ब्रश से हल्का ब्लेंड करें। आंखों के कोनों तक काजल फैलाएं और हेयरलाइन की ओर ब्लेंड करें।अगर आपका आउटफिट रंगीन है तो न्यूट्रल पीच-ब्राउन लिपस्टिक चुनें और बीच में थोड़ा ग्लॉस लगाएं। अगर आउटफिट सिंपल है, तो रेड लिपस्टिक से पूरे लुक को ब्राइट करें। लिप लाइनर से होठों को लाइन करके लिप ब्रश से कलर भरें, ब्लॉट करें और दोबारा लगाएं ताकि लिपस्टिक लंबे समय तक टिकी रहे।

# इन सस्ती चीजों से सजाएं कलश

❑ चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से आरंभ होने जा रही हैं। इस बार नवरात्रि 9 दिन के बजाये 8 दिन की होगी। नवरात्रि के पहले दिन घर में घटस्थापना की जाती है। मंदिरों के अलावा घरों में भी भक्त माता की चौकी सजाते हैं। कलश स्थापना करके व्रत रखते हैं। अष्टमी और नवमी तिथि को कन्या पूजन किया जाता है। मातारानी की चौकी पर रखे जाने वाले कलश को सजाने का महिलाओं को शौक होता है। कई महिलाएं बाजार से इसे खरीदकर ले आती हैं। तो कई अपने हाथों से मैया को प्रसन्न करने के लिए कलश सजाती हैं। अगर आप भी घर पर ही कलश को डेकोरेट करना चाहती हैं तो यहां हम आपके लिए कुछ कलश सजाने के आइडिया लेकर आए हैं। इनके लिए आपको पेंट, स्टोन, मोती, लेस, रिबन और गोटा-पट्टी की जरूरत होगी। अगर आप मिट्टी का कलश स्थापित करने वाली हैं तो इसे सजाने के लिए सबसे पहले मिट्टी के कलश को पेंट करना होगा।



इसके बाद आप कलश पर अपनी पसंद अनुसार कोई सुंदर डिजाइन बना सकती हैं। इसके ऊपर आप फूल-पत्तियां बनाएं। या कोई शुभ मंत्र भी लिख सकती हैं। कलश को सजाने के लिए आप स्टोन और मोतियों का इस्तेमाल करें। घर में रखे स्टोन या मोती को भी ले सकती हैं। मोतियों को ग्लू की सहायता से चिपकाएं। इसको आप लड़ियों के रूप में या कोई डिजाइन बनाकर ऊपर से चिपका सकती हैं।

आप साड़ियों में लगने वाली लेस से भी कलश को डेकोरेट कर सकती हैं। इसके ऊपर आप लेस को सीधा लपेट दें। या फिर इसे सुंदर दिखाने के लिए पेंसिल से कोई आकृति बनाकर उसके ऊपर से लेस लगाएं। ये दिखने में काफी यूनिक लगेगा। चैत्र नवरात्रि के लिए आप कलश को सजाने के लिए रिबन और गोटा-पट्टी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। सबसे पहले कलश को लाल कपड़े से लपेट दें। इसके बाद ऊपर से रिबन या लेस लगाकर इसे चिपका दें।

# नवरात्रि

❑ नवरात्र, अथवा नवरात्रि, हिंदुओं का एक प्रमुख पर्व है। नवरात्र एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'नौ रातों का समय'। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति/देवी की पूजा की जाती है। साल में चार बार नवरात्र आते हैं। माघ, चैत्र, आषाढ़ और आश्विन। यह चंद्र-आधारित हिंदू महीनों में चैत्र, माघ, आषाढ़ और आश्विन (क्वार) प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। चैत्र मास में वासंतिक अथवा वासंतीय और दूसरा आश्विन मास में शारदीय नवरात्र। शारदीय नवरात्र का समापन दशहरा को दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के रूप में होता है। हिन्दू कैलेंडर के हिसाब से के सबसे पहले चैत्र मास में 9 दिन चैत्र नवरात्र के होते है। नवरात्र भारत के विभिन्न भागों में अलग ढंग से मनाया जाता है। गुजरात में इस त्योहार को बड़े पैमाने से मनाया जाता है। गुजरात में नवरात्र समारोह डांडिया और गरबा खेल कर मनाया जाता है। यह पूरी रात भर चलता है। देवी के सम्मान में भक्ति प्रदर्शन के रूप में गरबा, 'आरती' से पहले किया जाता है और डांडिया समारोह उसके बाद। पश्चिम बंगाल के राज्य में बंगालियों के मुख्य त्यौहारो में दुर्गा पूजा बंगाली कैलेंडर में, सबसे अलंकृत रूप में उभरा है। चौमासे में जो कार्य स्थगित किए गए होते हैं, उनके आरंभ के लिए साधन इसी दिन से जुटाए जाते हैं। क्षत्रियों का यह बहुत बड़ा पर्व है। इस दिन ब्राह्मण सरस्वती-पूजन तथा क्षत्रिय शस्त्र-पूजन आरंभ करते हैं। विजयादशमी या दशहरा एक राष्ट्रीय पर्व है। अर्थात आश्विन शुक्ल दशमी को सायंकाल तारा उदय होने के समय 'विजयकाल' रहता है। [क] यह सभी कार्यों को सिद्ध करता है। आश्विन शुक्ल दशमी पूर्वविद्धा निषिद्ध, परविद्धा शुद्ध और श्रवण नक्षत्रयुक्त सूर्योदयव्यापिनी सर्वश्रेष्ठ होती है। अपराह्न काल, श्रवण नक्षत्र तथा दशमी का प्रारंभ विजय यात्रा का मुहूर्त माना गया है। दुर्गा-विसर्जन, अपराजिता पूजन, विजय-प्रयाग, शमी पूजन तथा नवरात्र-पारण इस पर्व के महान कर्म हैं। इस दिन संध्या के समय नीलकंठ पक्षी का दर्शन शुभ माना जाता है। क्षत्रिय इस दिन प्रातः स्नानादि नित्य कर्म से निवृत्त होकर संकल्प मंत्र लेते हैं। [ख] इसके पश्चात देवताओं, गुरुजन, अस्त्र-शस्त्र, अश्व आदि के यथाविधि पूजन की परंपरा है।



# जानते हैं 'दुर्गा' नाम का रहस्य?

❑ नवरात्र हम सभी के जीवन का अनमोल पर्व है, जिसे हम पीढ़ी दर पीढ़ी श्रद्धा और उत्साह से मनाते आ रहे हैं। नवरात्र के नौ दिन पूरा भारत मां अंबे के जयघोष से गूंजता रहता है। महिलाएं अपने परिवार सहित मां शक्ति की उपासना और व्रत-पूजन करती हैं। यद्यपि वर्ष में चार बार नवरात्र आते हैं, पर चैत्र और आश्विन मास के नवरात्र ही विशेष महत्व रखते हैं। इसके अलावा आषाढ़ और माघ मास में गुप्त नवरात्र भी होते हैं, जिनका चलन कम है। ये चारों नवरात्र धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष- इन पुरुषार्थों के प्रतीक माने जाते हैं। गृहस्थ जीवन में व्यस्त रहने वाली स्त्रियों के लिए चैत्र और शारदीय नवरात्र ही अधिक महत्वपूर्ण माने जाते हैं। जब देवी पृथ्वी पर अवतरित होती हैं, तो उनका स्वरूप अत्यंत कोमल और अनुपम होता है। पांवों में कुमकुम, नूपुरों की मधुर झंकार, तेज और दीप्ति- ये सब स्त्री के दिव्य स्वरूप को प्रकट करते हैं। इसी कारण भारतीय परंपरा में स्त्रियों के नाम के साथ देवी जोड़ने की परंपरा रही है। देवी दुर्गा स्वयं कहती हैं - 'इस धरती पर स्त्रियों में जो सौंदर्य और सौभाग्य है, वह मेरा ही अंश है।' शरद ऋतु में सामान्यतः रोगों की आशंका अधिक होती है। ऐसे समय में नवरात्र के व्रत और फलाहार स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। भारतीय गृहस्थ जीवन में शक्तिपूजन का विशेष महत्व है क्योंकि इससे मनुष्य काम, क्रोध, लोभ, मोह जैसे शत्रुओं पर विजय पाता है। स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु यानी सभी स्त्रियां जगदंबा का ही रूप हैं।

# योग के फायदे

❑ योग की शुरुआत प्राचीन भारत में हुई थी और आज भी अच्छे स्वास्थ्य के लिए लोग योग का सहारा लेते हैं। योग करने से मन, शरीर और आत्मा संतुलित रहते हैं। सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया ने योग के चमत्कार को माना है। रोजाना योग करने से चिंता, तनाव और अवसाद दूर होता है। यानी योग मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। हालांकि योग की शुरुआत करने से पहले व्यक्ति को इसे सही तरीके से करने की भी जानकारी होनी चाहिए। यदि आप सही तरीके से योग कर रहे हैं तो बहुत ही कम समय में आपके शरीर में कुछ अच्छे बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

इस भाग दौड़भरी जिंदगी में अगर आप अपनी सेहत को नजरअंदाज कर रहे हैं तो ऐसा करना आप पर भारी पड़ सकता है। ऐसे में आप योग को अपनाकर कई सारी समस्याओं से बच सकते हैं।योग एक संस्कृत शब्द है जो युज से आया है। इसका अर्थ इकट्ठा होना क्या बांधना होता है। भारत के अलावा योग चीन, जापान, दक्षिण पूर्व एशिया में भी काफी प्रसिद्ध है। योग को अलग-अलग नाम से जाना जाता है। इस प्राणायान योग भी कहते हैं। यह एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिससे शरीर मन और आत्मा संयुक्त होते हैं। शरीर के साथ योग हमारे दिमाग को भी स्वस्थ रखता है।



एनसीबीआई के अनुसार आजकल चिंता और तनाव के कारण लोग कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। कई बार लापरवाही के कारण छोटी सी समस्या गंभीर रूप ले लेती है। योग से न सिर्फ आप शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत रहते हैं। योग अस्थमा, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, गठिया पाचन विकार और अन्य कई बीमारियों से राहत दिलाने का काम करता है। योग कई तरह की बुरी आदतों के प्रभाव को भी कम करता है जैसे कम फिजिकल एक्टिविटी, मोबाइल फोन का ज्यादा इस्तेमाल, खानपान में गड़बड़ी आदि। जानकारों के अनुसार बेहतर परिणाम के लिए आपको लगातार योग करना चाहिए।


# हृदय स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम दवा

> कैप. हृदय कवच, कैप. कार्डिओ अमृत, को-एच और क्लीन हार्ट सिरप

❑ यह सभी हृदय रोगों से बचाव के लिए प्रभावी दवाएं हैं। आयुर्वेद एक शाश्वत चिकित्सा शास्त्र है। जिसमें शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा गया है। इसकी चिकित्सा औषधी अत्यंत विशुद्ध अमृततुल्य होती है। जो दुष्परिणाम विरहित होकर चिकित्सा अपुनर्भव होती है अर्थात रोगों को समूल नष्ट कर देती हैं। इन उत्पादों के माध्यम से हृदय रोगों का प्रबंधन और उपचार संभव है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में असमय, अशास्त्रीय तरीके से खाना पिना, रात्रि जागरण मानसिक एवं शारीरिक तनाव, आधुनिक जीवन शैली इत्यादि के कारण ऑक्युपेशनल डिसऑर्डर अर्थात जिवनशैली से अथवा काम में संबंधित विकार होने शुरु हो गये है। उसमें हाई बि.पी, शुगर के साथ हृदय विकार भी आमतौर पर देखे जा रहे हैं। आजकल स्त्री हो या

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M)
C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS
NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD,
M.I.S.R (Mum), C.C.H,
C.G.O, C.S.D, C.V.D



डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस,
पी.ओ.डी.



पुरुष 18 साल के ऊपर की उम्र के किसी भी व्यक्ती को हृदय रोग होते हुए देखे जा रहे हैं। उसका कारण आजकल की अशास्त्रीय आधुनिक जीवन शैली के अलावा कोविड-19 पैन्डेमिक भी माना जा रहा है। टॅबलेट डॉ कोलो एच और क्लीन हार्ट सिरप अत्यंत प्रभावी औषधी पायी गयी है। उपर्युक्त वर्णित हृदय रोग चाहे वह किसी भी आयु की व्यक्ति का हो उपर्युक्त वर्णित औषधियों से समूल संपूर्ण, नष्ट हो जाता है। इसके साथ स्वस्थ व्यक्ती भी अपने हृदय को स्वस्थ रखने, बीपी कोलेस्ट्रॉल को नॉर्मल रखने के हेतु से उपर्युक्त वर्णित औषधि अनुभवी वैद्यों की सलाह एवं परामर्श से सेवन कर सकते है। शिव शंकर 'आयुर्वेद एजेंसी' द्वारा निर्मित कैप-हृदय कवच और कैप-कार्डियो अमृत जैसे उत्पाद, हृदय रोगों के प्रबंधन और उपचार के लिए उत्कृष्ट विकल्प हैं। ये औषधियां न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करती हैं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी बढ़ाती हैं। योग कॉम्प्लेक्स, सिताबर्डी, टेम्पल बाजार रोड, महाजन मार्केट, नागपुर, आयुर्वेदिक दवाओं और उपचारों के साथ अधिक जानकारी और परामर्श के लिए, आप शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक और शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी से अथवा इस 9112079000 / 8605245080 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

**शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी**

**सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000/8605245080.**


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# सीपीएल 2025 फाइनल में गयाना बनाम ट्रिनबागो की टक्कर

**कैरेबियन.** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के फाइनल की लाइन अप तय हो चुकी है. सीपीएल 2025 के फाइनल में दो ऐसी टीमों का मुकाबला है, जिनके नाम सबसे ज्यादा बार फाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड दर्ज है. गयाना अमेजन वॉरियर्स इस बार अपना 8वां फाइनल खेलती दिखेगी. जबकि ट्रिनबागो नाइट राइडर्स अपने छठे फाइनल में उतरेगी. लेकिन, सबसे ज्यादा बार फाइनल में उतरने का मतलब ये नहीं कि गयाना अमेजन वॉरियर्स लीग की सबसे सफल टीम भी है. वो तमगा ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के नाम पर दर्ज है, जिसने पिछले खेले 5 फाइनल में से 4 जीते हैं. मतलब वो 4 बार चैंपियन बनी है. वहीं गयाना की टीम पिछले 7 फाइनल खेलने के बाद सिर्फ एक बार ही चैंपियन बन सकी है.




कौन बनेगा सीपीएल 2025 का चैंपियन?

सीपीएल 2025 में गयाना अमेजन वॉरियर्स के पास दूसरी बार और ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के पास 5वीं बार चैंपियन बनने का मौका होगा. गयाना अमेजन की टीम 2013, 2014, 2016, 2018, 2019, 2023, 2024 और 2025 में फाइनल में पहुंची है. मतलब इस बार वो अपना लगातार तीसरा फाइनल भी खेलेंगे. हालांकि, सबसे ज्यादा बार फाइनल में पहुंचने वाली ये टीम, चैंपियन सिर्फ साल 2023 में ही बनी है.

ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की बात करें तो उसने 2015, 2017, 2018, 2020, 2023 और 2025 में फाइनल तक का सफर तय किया है. लेकिन, उसने 2025 से पहले ही 4 बार खिताब जीतने में कामयाबी मिल चुकी है. इस टीम ने 2015, 2017, 2018, और 2020 में सीपीएल चैंपियन का चोला पहना था. ये लीग के इतिहास की इकलौती ऐसी टीम भी है, जिसके नाम लगातार दो सीपीएल खिताब जीतने का रिकॉर्ड दर्ज है.

**कैसे फाइनल तक पहुंचे गयाना और नाइट राइडर्स?**

इमरान ताहिर की कप्तानी वाली गयाना अमेजन वॉरियर्स ने सीपीएल 2025 के क्वालिफायर 1 में सेंट लुसिया किंग्स को हराकर सीधे फाइनल का टिकट कटाया है. वहीं ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने एलिमिनेटर और क्वालिफायर 2 के रास्ते फाइनल तक का सफर तय किया है. इस टीम ने एलिमिनेटर में एंटीगा एंड बारमुडा फाल्कंस को 9 विकेट से हराया था. जबकि क्वालिफायर 2 में क्वालिफायर 1 हारने वाली टीम सेंट लुसिया किंग्स को 56 रन से हराते हुए फाइनल का टिकट कटाया. सेंट लुसिया किंग्स सीपीएल की डिफेंडिंग चैंपियन थी, मगर उसका सफर इस बार प्लेऑफ में ही थम गया. गयाना अमेजन वॉरियर्स और ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के बीच फाइनल मुकाबला 22 सितंबर को खेला जाएगा.

# भारत से पहले फिर विवाद में पाकिस्तान

**नई दिल्ली.** नो हैंडशेक विवाद के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम एक बार फिर चर्चा में है। एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले में भारत से भिड़ंत से पहले पाकिस्तान ने एक बार फिर विवादित रवैया अपनाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान टीम ने आईसीसी एकेडमी में होने वाली प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस को अचानक रद्द कर दिया है। इससे पहले, लीग स्टेज में यूएई के खिलाफ मैच से पहले भी पाकिस्तान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा नहीं लिया था। अब भारत जैसे बड़े मुकाबले से पहले प्रेस से दूरी बनाना कई सवाल खड़े कर रहा है। इसी बीच खबर ये भी सामने आ रही है कि टीम पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले एक मोटिवेशनल स्पीकर को बुलाया है। टीम का मानना है कि इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे दबाव में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।




एशिया कप 2025 में पाकिस्तान की टीम ने दूसरी बार प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द कर दी है. इससे पहले उसने यूएई के खिलाफ मुकाबले से पहले ऐसा किया था. अब उसने सुपर-4 में टीम इंडिया के खिलाफ मैच से पहले दोबारा ऐसी हरकत करके सबको हैरान कर दिया. इस दौरान खबर आ रही है कि 21 सितंबर को भारत के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. राहील को बुलाया है. लीग मुकाबले में भारत से मिली करारी हार के बाद पाकिस्तान के खेमे में उत्साह कम है, क्योंकि सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम ने उन्हें सात विकेट से हरा दिया था.

इसके बाद पाकिस्तान की मुश्किलें तब और बढ़ गईं, जब पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारतीय टीम ने एशिया कप में पाकिस्तान की टीम से हाथ नहीं मिलाने का फैसला किया. पाकिस्तानी टीम को ये कदम रास नहीं आया. इसके बाद वो लगातार कोई न कोई हरकत कर ही रहा है. इस दौरान पीसीबी ने मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट पर भी टीम इंडिया के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाया. उन्होंने धमकी भी दी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे टूर्नामेंट से हट जाएंगे और यूएई के खिलाफ अपने तीसरे ग्रुप मैच की शुरुआत में देरी कर दी.

हालांकि एंडी पायक्रॉफ्ट के साथ बैठक के बाद पीसीबी टूर्नामेंट में खेलने को राजी हो गया. विवाद यहीं खत्म नहीं हुआ. आईसीसी ने प्लेयर्स एंड मैच ऑफिशियल्स एरिया (पीएमओए) में पायक्रॉफ्ट के साथ हुई बैठक का वीडियो बनाने और उसे ऑनलाइन जारी करने को लेकर के लिए पीसीबी को कड़ा मेल किया.

# भारत-पाक भिड़ंत से पहले बड़ा सवाल

**नई दिल्ली.** भारत और पाकिस्तान एक बार फिर से एशिया कप 2025 में आमने-सामने होंगे. दोनों टीमों के बीच इस बार टक्कर सुपर-4 स्टेज पर हो रही है. फाइनल में पहुंचने के लिहाज से ये मुकाबला अहम है. ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन क्या होगी? अपने किन 11 खिलाड़ियों के साथ कप्तान सूर्यकुमार यादव इस बार पाकिस्तान के खिलाफ उतरेंगे? अब तक के मुकाबलों से जो अंदाजा लगा है, उसके मुताबिक टीम इंडिया के पिछले मैच की प्लेइंग इलेवन के मुकाबले पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-4 मैच में 2 बदलाव देखने को मिल सकते हैं. भारत और पाकिस्तान के बीच सुपर-4 में टक्कर 21 सितंबर को है.



सुपर-4 के लिए टीम इंडिया कर सकती है 2 बदलाव

अब सवाल है कि सुपर-4 में पाकिस्तान से होने वाली टक्कर के लिए वो कौन से दो बदलाव होंगे, जो टीम इंडिया में देखने मिलेंगे? इस सवाल का जवाब अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा के तौर पर देखने मिल सकता है. इन दोनों खिलाड़ियों को ओमान के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच में मौका मिला था. जबकि इनके बदले जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती को आराम दिया गया था. लेकिन, इस बात की उम्मीद जताई जा रही है कि पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-4 मैच के लिए बुमराह और वरुण की फिर से टीम इंडिया में वापसी हो सकती है.

पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-4 मैच के लिए बुमराह और वरुण अगर प्लेइंग इलेवन में आते हैं तो वो उम्मीद के मुताबिक अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा की जगह लेते दिखेंगे. अगर ऐसा हुआ तो भारतीय टीम फिर से उसी प्लेइंग इलेवन के साथ पाकिस्तान के खिलाफ खेलती दिखेगी, जिसके साथ ग्रुप स्टेज पर हुई भिड़ंत में खेला था. ओपनिंग का जिम्मा अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के कंधे पर होगा. वहीं फर्स्ट डाउन सूर्यकुमार यादव उतरेंगे. जबकि उसके बाद तिलक वर्मा, संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल होंगे. भारतीय गेंदबाजी की बात करें तो टीम में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव जैसे स्पेशलिस्ट स्पिनर होंगे. जबकि तेज गेंदबाजी की कमान अकेले जसप्रीत बुमराह के हाथ में होगी. बुमराह को इस काम में ऑलराउंडर पंड्या और दुबे का साथ मिलता दिखेगा.

अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह.

# भारत की युवा गेंदबाज बनी हीली का सिरदर्द

## बुमराह-कुलदीप के रिकॉर्ड की बराबरी

**नई दिल्ली.** भारत दौरे पर आई ऑस्ट्रेलिया महिला टीम को तीन वनडे मैचों की सीरीज में मेजबान टीम से कड़ी टक्कर मिल रही है. पहला मैच ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट से अपने नाम किया था, जबकि दूसरे मुकाबले में टीम इंडिया ने मेहमान टीम को 102 रनों से करारी मात दी थी. अब दोनों टीमें आखिरी मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेंगी. इस दौरान टीम इंडिया की 22 साल की तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली के लिए सिरदर्द बनी हुई है. इस गेंदबाज ने अपने छोटे से करियर के दौरान ही टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिनर कुलदीप यादव के एक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है.



क्रांति गौड़ के आगे एलिसा हीली हुईं फेल

टीम इंडिया की दाएं हाथ की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं. वो इस सीरीज में अब तक 5 विकेट हासिल कर चुकी हैं. इस दौरान वो तीनों मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली को आउट किया है.

पहले वनडे मैच में क्रांति गौड़ ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान को क्लीन बोल्ड कर दिया था. उस मैच में हीली केवल 27 रन बनाकर पवेलियन लौट गई. दूसरे मैच में एलिसा हीली केवल नौ रन बनाकर क्रांति गौड़ की गेंद पर अरुंधती रेड्डी को अपना कैच थमा बैठीं. तीसरे वनडे मुकाबले में भी एलिसा हीली क्रांति गौड़ का ही शिकार बनीं. इस दौरान वो 30 रन बनाकर क्रांति गौड़ की गेंद पर कप्तान हरमनप्रीत कौर को कैच थमा बैठीं. टीम इंडिया की इस तेज गेंदबाज ने अपने चौथे ही वनडे मैच में इतिहास रच दिया था.

**क्रांति गौड़ ने ऐसे रचा था इतिहास**

इसी साल मई में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाली मध्य प्रदेश की क्रांति गौड़ ने बहुत ही कम समय में टीम इंडिया में अपनी पहचान बना ली है. इस दौरान उन्होंने अपने करियर के चौथे वनडे मैच ही इतिहास रच दिया था. 22 जुलाई 2025 को इंग्लैंड में खेले गए इस वनडे मुकाबले में क्रांति गौड़ ने इंग्लैंड के खिलाफ 6 विकेट हासिल की थीं. इसके साथ ही वो इंग्लैंड के खिलाफ उसी की धरती पर वनडे में 6 विकेट लेने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी (महिला और पुरुष दोनों वर्ग में) बन गई थी. इससे पहले ये कारनामा टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिनर कुलदीप यादव ने किया था. क्रांति गौड़ अब तक 7 वनडे मैच खेल चुकी हैं. इसमें वो 14 विकेट हासिल कर चुकी हैं.

# ओमान पर जीत के हीरो हार्दिक

## मिला टीम इंडिया का खास अवॉर्ड



**नई दिल्ली.** ओमान के खिलाफ ग्रुप स्टेज पर खेले आखिरी मुकाबले के बाद भारत को अब अगले मैच में फिर से पाकिस्तान का सामना करना है. सुपर-4 में होने वाले उस मुकाबले से पहले हार्दिक पंड्या ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है. उन्हें सबकी शान, सबका मान का तमगा मिला है. इसके अलावा भारतीय ऑलराउंडर ने मेडल भी जीता है. ओमान के खिलाफ मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच भले ही संजू सैमसन बने. लेकिन, जो मैच में असरदार रहा यानी जिसका इम्पैक्ट सबसे ज्यादा रहा, वो खिलाड़ी हार्दिक पंड्या बने. यही वजह है कि उन्हें भारतीय ड्रेसिंग रूम में मेडल देकर सम्मानित किया गया.ओमान से मैच के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम के अंदर जो कुछ भी हुआ, उसका वीडियो बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर अपलोड किया है. उस वीडियो में हार्दिक पंड्या को इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच बनने के बदले मेडल से सम्मानित होते देखा जा सकता है. हार्दिक पंड्या को मेडल टीम इंडिया के ट्रेनिंग असिस्टेंट दयानंद गरानी ने पहनाया. दयानंद गरानी को ऐसा करने के लिए टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने चुना था. दयानंद गरानी ने अपना नाम लेने के लिए पहले तो गौतम गंभीर का शुक्रिया अदा किया. फिर, जिस तरह से उन्होंने हार्दिक पंड्या का इंट्रोडक्शन दिया, वो भी काबिलेतारीफ रहा. दयानंद गरानी ने सबकी शान, सबका मान कहते हुए हार्दिक पंड्या को संबोधित किया. उसके बाद उन्होंने पंड्या को इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच बताते हुए उन्हें मेडल पहनाया. हालांकि, वही मेडल फिर पंड्या ने ट्रेनिंग असिस्टेंट दयानंद गरानी के गले में पहना दिया. अब सवाल है कि हार्दिक पंड्या ने ओमान के खिलाफ मैच में ऐसा किया क्या, जिसके लिए उन्हें ड्रेसिंग रूम के अंदर इम्पैक्टर प्लेयर ऑफ द मैच का मेडल मिला. बल्लेबाजी में तो वो कुछ खास कर नहीं पाए थे, क्योंकि 1 रन बनाकर ही रन आउट हो गए थे. हां गेंदबाजी और अपनी फील्डिंग से उन्होंने इम्पैक्ट जरूर डाला. हार्दिक पंड्या ने 4 ओवर गेंदबाजी की और 6.50 की इकॉनमी से 26 रन देकर 1 विकेट लिया. वो टीम इंडिया की ओर से 4 ओवर डालने वाले गेंदबाजों के बीच सबसे किफायती रहे. इसके अलावा फील्डिंग में उन्होंने एक कैच भी पकड़ा.

# स्मृति ने रचा इतिहास, विराट का रिकॉर्ड टूटा

**नई दिल्ली.** भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने वनडे क्रिकेट में इतिहास रच दिया है. वो भारत की ओर से सबसे तेज शतक ठोकने खिलाड़ी बन गई हैं. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के खिलाफ केवल 50 गेंदों में शतक ठोकते हुए टीम इंडिया के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है. विराट कोहली ने साल 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही 52 गेंदों में शतक ठोका था. अब 12 साल के बाद स्मृति मंधाना ने उनके रिकॉर्ड को तोड़ दिया है. इसके अलावा स्मृति ने महिला वनडे में सबसे तेज शतक जड़ने वाली दुनिया की दूसरी महिला बल्लेबाज बन गई हैं.



ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में 413 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्मृति मंधाना ने इतिहास रच दिया. उन्होंने 50 गेंदों में 14 चौके और 4 छक्के की मदद से अपना शतक पूरा किया. हालांकि इसके बाद वो अपनी पारी को ज्यादा आगे नहीं ले जा पाईं. वो 63 गेंदों में 17 चौके और 5 छक्कों की मदद से 125 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं. इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में भी शतक ठोका था. उस मैच में स्मृति ने 91 गेंदों में 14 चौके और 4 छक्कों की मदद से 117 रनों की पारी खेली थी. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में तूफानी शतक ठोककर टीम इंडिया की उप कप्तान ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी को भी पीछे छोड़ दिया. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तूफानी शतक ठोकते हुए स्मृति मंधाना ने महिला वनडे में एक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. वो महिला वनडे में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाली बल्लेबाज बन गई हैं. महिला वनडे में सबसे तेज शतक ठोकने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग के नाम है. उन्होंने साल 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 45 गेंदों में शतक ठोका था. दूसरे नंबर पर स्मृति मंधाना पहुंच गई हैं. इस सूची में तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की ही बेथ मूनी हैं. उन्होंने इसी मुकाबले में 57 गेंदों में अपना शतक पूरा किया. इसके अलावा स्मृति मंधाना ने साल 2025 में वनडे में अपना चौथा शतक भी पूरा किया. इससे पहले उन्होंने साल 2024 में भी चार शतक ठोके थे. एक साल में सबसे ज्यादा शतक ठोकने के मामले में वो लगातार दो सालों से टॉप पर हैं. साउथ अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स भी इस साल वनडे में चार शतक ठोक चुकी हैं.

# वैभव सूर्यवंशी की ऑस्ट्रेलिया में एंट्री, लक्ष्मण ने दिया 'गुरुमंत्र'

**नई दिल्ली.** वैभव सूर्यवंशी के ऑस्ट्रेलिया में पहली बार खेलने की उलटी गिनती शुरू है. बस कुछ घंटे और फिर ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर शुरू हो जाएगा वैभव सूर्यवंशी के बल्ले का जोर दिखना. वैभव सूर्यवंशी भारत की अंडर 19 टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया पहुंचे हैं, जिसे वहां पर व्हाइट बॉल और रेड बॉल की सीरीज खेलनी है. भारत की अंडर 19 टीम और वैभव सूर्यवंशी के ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस यानी एनसीए के हेड वीवीएस लक्ष्मण ने उन्हें गुरुमंत्र दिया. लक्ष्मण ने वैभव समेत सभी खिलाड़ियों से ऑस्ट्रेलिया दौरे को उनके लिए बड़ा मौका बताया है. भारत के पूर्व क्रिकेटर रहे वीवीएस लक्ष्मण का खुद भी ऑस्ट्रेलिया फेवरेट शिकार रहा है. उन्हें ऑस्ट्रेलिया में और ऑस्ट्रेलिया की टीम के खिलाफ खेलना हमेशा



पसंद रहा है. और, अब अपनी उसी पसंदीदा टीम के खिलाफ कैसे खेलना है, ये बात वीवीएस लक्ष्मण ने वैभव सूर्यवंशी और भारत की अंडर 19 टीम को बतलाई है. भारत की अंडर 19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में जी-तोड़ मेहनत की थी. पसीना बहाया था. उनके उसी एफर्ट को देखने के बाद वीवीएस लक्ष्मण ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें ऑस्ट्रेलिया में खेलने के महत्व और तरीके के बारे में बताया. वीवीएस लक्ष्मण ने पहले तो ऑस्ट्रेलिया में सीरीज के लिए वैभव सूर्यवंशी और अंडर-19 टीम को मुबारकबाद दी.

# प्रैक्टिस से पहले ही पाकिस्तान की किरकिरी

**नई दिल्ली.**'

एशिया कप 2025 में पाकिस्तान और भारत की सुपर-4 स्टेज की बहुप्रतीक्षित भिड़ंत से पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम एक बार फिर चर्चा में है, लेकिन इस बार वजह क्रिकेटिंग प्रदर्शन नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक प्रैक्टिस सेशन का वीडियो है। इस वीडियो को देखने के बाद फैन्स और विशेषज्ञों ने पाकिस्तान टीम की तुलना "गली-मोहल्ले की टीम" से करना शुरू कर दिया है। वायरल वीडियो में क्या है?



पाकिस्तान टीम की प्रैक्टिस का यह वीडियो टूर्नामेंट की शुरुआत के आस-पास का बताया जा रहा है। वीडियो में हेड कोच माइक हेसन टीम के कुछ खिलाड़ियों को डाइव लगाकर कैच पकड़ने की ड्रिल कराते नजर आ रहे हैं। इन खिलाड़ियों में हारिस रऊफ और मोहम्मद नवाज जैसे अनुभवी नाम भी शामिल हैं। विडंबना ये रही कि बार-बार कोशिश के बावजूद कोई भी खिलाड़ी कैच नहीं पकड़ सका। कोच जैसा चाह रहे थे, वैसा नज़ारा मैदान पर नहीं दिखा। खिलाड़ी जोरदार डाइव तो लगा रहे थे, लेकिन कैचिंग में पूरी तरह विफल साबित हो रहे थे। इस नाकामी को लेकर सोशल मीडिया पर जमकर मज़ाक उड़ाया जा रहा है।

**कैच छोड़ने में बदनाम रिकॉर्ड**

यह दृश्य नया नहीं है। पाकिस्तान टीम की कैच छोड़ने की समस्या पुरानी रही है। साल 2024 की शुरुआत से लेकर अब तक पाकिस्तान ने 48 कैच छोड़े और 89 मिसफील्ड किए हैं। यह आंकड़ा उन्हें एशिया की सबसे खराब फील्डिंग यूनिट बनाता है। यही कमजोरी अब प्रैक्टिस में भी साफ झलक रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 का दूसरा मुकाबला 21 सितंबर को सुपर-4 स्टेज में खेला जाएगा। ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया था, और अब पाकिस्तान पलटवार की फिराक में है। लेकिन वायरल वीडियो को देखकर क्रिकेट फैंस सवाल उठा रहे हैं कि क्या ऐसी तैयारियों के साथ पाकिस्तान भारत जैसी मजबूत टीम को टक्कर दे पाएगा?

CMYK

# जैकी श्रॉफ का वर्कफ्रंट



बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ ने फर्श से अर्श तक का सफर तय किया है. बॉलीवुड में आने के बाद और उससे पहले भी जैकी श्रॉफ मुंबई के चॉल में रहा करते थे. उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी इतनी ठीक नहीं थी और जैकी बॉलीवुड में आने से पहले कई तरह के छोटे-मोटे काम करते थे.



उन्होंने मूंगफली और सिगरेट बेचकर भी अपना गुजारा किया है. हालांकि जैकी के जन्म से पहले उनके पिता के हालात बेहद अच्छे थे. वो एक संपन्न परिवार से संबंध रखते थे. लेकिन, फिर कुछ ऐसा हुआ कि जैकी के पिता को कमरा किराए पर लेकर रहना पड़ा था.जैकी श्रॉफ ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि कभी उनके पिता रईस पर्ल ट्रेडर परिवार से संबंध रखते थे और उनके पिता ने उनके भाई और एक अन्य शख्स के साथ पार्टनरशिप में कुछ काम शुरू किया था. हालांकि इस काम में सभी को काफी नुकसान झेलना पड़ा था. लेकिन, खामियाजा सिर्फ जैकी के पिता काकूभाई को भुगतना पड़ा था. बताया जाता है कि उन पर इल्जाम लगाकर बाद में उन्हें घर से बाहर भी कर दिया गया था.जैकी श्रॉफ के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें सुनील शेट्टी के साथ वेब सीरीज 'हंटर' के दूसरे सीजन में और अक्षय कुमार की फिल्म 'हाउसफुल 5' में देखा गया था. वहीं अब वो फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आएंगे.

# 36 साल बाद वापसी नागार्जुन की पहली हिंदी फिल्म

नागार्जुन इंडियन सिनेमा का एक बड़ा नाम हैं. तमिल और तेलुगु के साथ-साथ उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी काम किया है. उन्होंने अब से 36 साल पहले साल 1990 में रिलीज हुई फिल्म 'शिवा' से बॉलीवुड डेब्यू किया था, जिसे राम गोपाल वर्मा ने डायरेक्ट किया था. ये उनके करियर की बेहतरीन फिल्मों में से एक है. लोगों को उनकी ये फिल्म काफी पसंद आई थी.



अब नागार्जुन ने अपनी इस फिल्म को दोबारा रिलीज करने का फैसला किया है.नागार्जुन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए इसकी जानाकारी दी है. दरअसल, 20 सितंबर को नागार्जुन के पिता अक्किनेनी नागेश्वर राव की जन्मजयंती है. उनकी प्रोडक्शन कंपनी अन्नपूर्णा स्टूडियोज के बैनर तले ही 'शिवा' फिल्म का निर्माण हुआ था. जन्मजयंती के मौके पर ही नागार्जुन ने फिल्म री-रिलीज करने का ऐलान किया है.

बहरहाल, नागार्जुन हाल ही में लोकेश कनगराज के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'कुली' में दिखे. ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हुई. रजनीकांत इसमें लीड रोल में दिखे और नागार्जुन ने विलेन का किरदार निभाया. वो इस फिल्म के मेन विलेन हैं. इस पिक्चर ने वर्ल्डवाइड 517 करोड़ रुपये की कमाई की है. इन दोनों के अलावा आमिर खान भी इस फिल्म में दिखे. उन्होंने कैमियो रोल प्ले किया.

# ट्विंकल संग मूवी डेट पर स्पॉट हुए अक्षय

अक्षय कुमार इन दिनों अपनी नई फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को लेकर सुर्खियों में हैं. फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है, और इसने ओपनिंग डे पर 12.50 करोड़ की दमदार कमाई की है. वहीं, फिल्म की रिलीज के तुरंत बाद अक्षय अपनी पत्नी ट्विंकल खन्ना संग मूवी डेट नाइट एंजॉय करते स्पॉट हुए हैं.बीती रात दोनों मुंबई के जुहू पीवीआर पहुंचे थे, इस दौरान अक्षय और ट्विंकल दोनों ही बेहद कूल और कैजुअल लुक में नजर आए.



ट्विंकल खन्ना ने ऑफ-व्हाइट टॉप और ट्राउजर के साथ ब्लू जैकेट पहनी हुई थी, तो वहीं मिनिमल मेकअप, कैप और ब्राउन शूज के साथ उन्होंने अपने इस लुक को कंप्लीट किया था.वहीं अक्षय कुमार ब्लैक टी-शर्ट और टू-शेड ट्राउजर के साथ मैचिंग शूज में दिखाई दिए. दोनों ने कैप पहनकर अपने इस लुक में और स्टाइल ऐड किया. इस दौरान यह कपल एक दूसरे का हाथ थामे नजर आया, जिसने फैंस का दिल जीत लिया.मूवी डेट पर अक्षय अपनी पत्नी ट्विंकल का हाथ थामे नजर आए. कपल का यह प्यार भरा अंदाज कैमरे में कैद हो गया. सोशल मीडिया पर उनकी यह तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, और फैंस इस जोड़ी को देखकर कपल गोल्स सेट कर रहे हैं.

# बचपन के दोस्त थे राज कपूर-दिलीप कुमार

हिंदी सिनेमा के दिग्गज एक्टर-डायरेक्टर रहे राज कपूर साहब ने अपनी फिल्मों के जरिए भारतीय सिनेमा का नाम दुनियाभर में रोशन किया था. राज साहब अपनी फिल्मों और अदाकारी के साथ ही अपने व्यवहार और दरियादिली के लिए भी काफी मशहूर थे. उनकी बॉलीवुड की कई दिग्गज सेलेब्स से अच्छी दोस्ती थी. राज साहब के सबसे अच्छे दोस्तों में दिलीप कुमार भी शामिल थे. दोनों का याराना ऐसा था कि अगर राज साहब लंदन में होते थे और दिलीप कुमार के फोन करते



ही उनसे मिलने के लिए लंदन से भारत आ जाते थे.दिलीप कुमार और राज कपूर से जुड़ा ये खुलासा दिलीप कुमार की वाइफ और एक्ट्रेस सायरा बानो ने किया था. एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने आज के और पुराने एक्टर्स की तुलना करते हुए बताया था कि पहले के एक्टर्स एक दूसरे का सुख-दुख बांटते थे और एक दूसरे को अपना समय भी देते थे. जबकि आज के सेलेब्स में ये कमी देखने को मिलती है.राज कपूर और दिलीप कुमार के बारे में ये बात बहुत कम लोगों को पता होगी कि दोनों दिग्गज एक्टर बचपन के दोस्त थे. दोनों का जन्म एक ही शहर पेशावर (पाकिस्तान) में हुआ था. दोनों के परिवार वाले भी एक दूसरे को जानते थे. राज और दिलीप बचपन में साथ में फुटबॉल भी खेला करते थे.राज कपूर और दिलीप कुमाz के बारे में ये बात बहुत कम लोगों को पता होगी कि दोनों दिग्गज एक्टर बचपन के दोस्त थे. दोनों का जन्म एक ही शहर पेशावर (पाकिस्तान) में हुआ था. दोनों के परिवार वाले भी एक दूसरे को जानते थे. राज और दिलीप बचपन में साथ में फुटबॉल भी खेला करते थे. राज साहब और दिलीप दोनों ही अब इस दुनिया में नहीं है.

# मीना कुमारी ने बच्चे के लिए सब कुछ छोड़ा



बॉलीवुड एक्ट्रेस मीना कुमारी ने 50 के दशक से लेकर 70 के दशक तक हिंदी फिल्मों में काम किया। एक्ट्रेस की कई फिल्मों ने उन्हें इंडस्ट्री की टॉप हीरोइन बताया। किसी ने उनकी फिल्म 'पाकीजा' को उनकी बेस्ट बताया तो किसी को 'मेम साहिब' पसंद आई। मीना कुमारी ने सिर्फ 38 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था।मीना अपने परिवार के बेहद करीब थीं। खासकर अपनी दोनों बहनों के। मीना का जब अंतिम समय चल रहा था तो उनकी बड़ी बहन खुर्शीद बानो और छोटी बहन मधु अली उनके लिए दुआएं करती रहीं।मीना को अधिक शराब पीने की वजह से लिवर से संबंधित बीमारी हो गई थी। वो अपने अंतिम समय में अपनी बहनों और उनके बच्चों के साथ ही ज्यादा समय बिताया करती थीं।मीना कुमारी जब आखिरी बार हॉस्पिटल जा रही थीं तब उन्होंने अपनी दोनों बहनों से कहा था कि वो उनके और बच्चों के लिए भी जमापूंजी छोड़ कर जा रही हैं। इन बच्चों में बॉलीवुड के मशहूर सिंगर लकी अली भी थे।मीना कुमारी की छोटी बहन मधु अली ने बॉलीवुड के मशहूर एक्टर महमूद से 1953 में शादी की थी। इस शादी से इन्हें चार बच्चे हुए और अंत में दोनों ने 1967 में तलाक ले लिया।




# आदित्य रॉय कपूर पाकिस्तानी एक्ट्रेस को किया प्रपोज

बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर और पाकिस्तानी अभिनेत्री माही बलोच को लेकर सोशल मीडिया पर हाल ही में चर्चा छिड़ गई है। माही ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक फोटो पोस्ट किया है, जिसमें वह और आदित्य साथ नजर आ रहे हैं।


माही बलोच के इंस्टाग्राम पर लगभग 5 लाख फॉलोअर्स हैं। उनके इस पोस्ट पर फैंस ने जमकर रिएक्शन दिए हैं और उन्हें बधाई दी। आदित्य के फैंस इस फोटो को देखकर थोड़े हैरान हैं और सवाल कर रहे हैं कि क्या यह सच में कोई रिलेशन है। हालांकि, सच्चाई यह है कि माही ने यह फोटो एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की मदद से बनाया है। आदित्य और माही के बीच कोई वास्तविक संबंध नहीं है। माही आदित्य की फैन हैं और उन्होंने इस फोटो को केवल सोशल मीडिया पर मज़े के लिए शेयर किया।

असलियत यह है कि आदित्य रॉय कपूर अभी सिंगल हैं। इससे पहले वह अभिनेत्री अनन्या पांडे के साथ रिलेशनशिप में थे, जो उनसे 13 साल छोटी हैं। दोनों कुछ समय तक साथ रहे और विदेश में भी घूमे, लेकिन बाद में उनका ब्रेकअप हो गया। आदित्य ने हाल ही में अनुराग बासु की फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' में काम किया। इस फिल्म में उनके साथ सारा अली खान, नीना गुप्ता, अनुपम खेर, कोंकणा सेन शर्मा, पंकज त्रिपाठी, अली फजल, और फातिमा सना शेख जैसे कलाकार भी थे। हालांकि फिल्म थिएटर में ज्यादा सफल नहीं रही, लेकिन अब इसे नेटफ्लिक्स जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता है।




# अमिताभ के सेट पर डायरेक्टर को हुआ अपमान

अमिताभ बच्चन के जीवन में एक वो भी दौर आया था जब वो कंगाल हो गए थे। उनकी कंपनी एबीसीएल जब कंगाल होने की कगार पर थी तब अमिताभ ने कुछ फिल्में प्रोड्यूस की थीं। इन्हीं फिल्मों में से एक फिल्म थी मेजर साहब। मेजर साहब के वक्त अमिताभ बच्चन वित्तीय संकट से जूझ रहे थे। अब फिल्म को डायरेक्ट करने वाले टीनू आनंद ने बताया कि उस वक्त सेट पर कैसा माहौल होता था, और क्यों उन्होंने सोच लिया था कि वो अब कोई फिल्म डायरेक्ट नहीं करेंगे।बॉलीवुड बबल से खास बातचीत में टीनू आनंद ने उन चुनौतियों के बारे में बात की जो उन्होंने मेजर साहब डायरेक्ट करते वक्त झेली। उन्होंने कहा, जब अमिताभ बच्चन कॉर्पोरेट जगत में गए, तो वो दिवालिया हो गए। दुर्भाग्यवश, उस वक्त मैं उनके लिए फिल्म मेजर साहब बना रहा था। हमने इतनी खराब स्थिति में







काम किया, वो सिर्फ मुझे पता है। प्रोड्यूसर के पास पैसा नहीं था और उन्होंने पूरे यूनिट को एक ही होटल में रखा था। जरा सोचिए, वो कैसी परिस्थिति होगी। हर दूसरे दिन क्रू स्ट्राइक पर चला जाता था क्योंकि उन्हें पैसे नहीं मिल रहे थे, वो धमकी देते थे कि काम नहीं करेंगे, काम पर नहीं आएंगे।"

टीनू आनंद ने बताया कि इस अनुभव ने उनपर इतना गहरा असर किया कि उन्होंने सोच लिया था कि वो कोई और फिल्म डायरेक्ट नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, इसलिए मैंने तय किया कि मेजर साहब के बाद मैं कभी डायरेक्ट नहीं करूंगा। क्योंकि जिस दर्द से मैं गुजरा हूं, वो कोई नहीं जानता है। यूनिट ने मेरा अपमान किया था, मैं उन्हें थप्पड़ मार सकता था, लेकिन वो मेरा प्रोडक्शन नहीं था, और मुझे डर था कि वो पलट कर मारेंगे। तो मुझे बहुत ध्यान रखना पड़ रहा था और अपने गुस्से को शांत करना पड़ रहा था।


# विक्की-कैटरीना की खुशखबरी की अफवाहे तेज

पिछले कुछ समय से अफवाहें चल रही हैं, कि बॉलीवुड कपल विक्की कौशल और कैटरीना कैफ जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं. अब इस बात को और हवा मिल गई है, क्योंकि हाल ही में कैटरीना की बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए, तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं हैं.तस्वीर में कैटरीना मैरून गाउन में नजर आ रही हैं, और अपना बेबी बंप दिखाती हुई पोज देती दिख रही हैं. हालांकि अभी यह साफ नहीं है, कि ये तस्वीर किसी मैटरनिटी फोटोशूट की है या किसी एड शूट की, लेकिन जब से यह तस्वीर सोशल मीडिया पर आई है, इसने इंटरनेट पर चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है.कैटरीना के प्रेग्नेंट होने की अटकलें 30 जुलाई से शुरू हुईं, जब मुंबई के फेरी पोर्ट पर उनका और विक्की कौशल का वीडियो वायरल हुआ. जिसमें कैटरीना कैफ ओवरसाइज्ड व्हाइट शर्ट और बैगी पैंट में नजर आईं, जिससे रूमर्स तेज हो गए. 7 अगस्त को यह खबर और चर्चा में आई, जिसमें कहा गया कि कपल अक्टूबर या नवंबर में अपने पहले बच्चे का स्वागत कर सकते हैं.इस बीच फैंस बेसब्री से इस कपल के पेरेंट्स बनने का इंतजार कर रहे हैं. याद दिला दें, कि विक्की कौशल और कैटरीना कैफ की ग्रैंड शादी 9 दिसंबर 2021 को राजस्थान के सिक्स सेंसेज फोर्ट, सवाई माधोपुर में हुई थी.



# आर्यन खान का मास्टर स्ट्रोक

शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान इस वक्त इंडस्ट्री में चर्चा का विषय हैं और अपनी पहली ही सीरीज से उन्होने ये बता दिया है कि आने वाले समय में वो किस तरह के निर्देशक बनने वाले हैं।आर्यन खान ने आधी से ज्यादा फिल्म इंड्स्ट्री को सीरीज में कैमियो के लिए बुलाया है और इस लिस्ट में आमिर खान, सलमान खान, शाहरुख खान, रणबीर कपूर और रणवीर सिंह जैसे सितारे शामिल हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सीरीज में एक सीन ऐसा भी है जिसको देखकर सभी को झटका लगा है। जी हां, इस फिल्म में आर्यन खान ने अपने ड्रग केस और ऑफिसर समीर वानखेड़े का भी जिक्र किया है। सोशल मीडिया पर वेब सीरीज का वो हिस्सा आग की तरह वायरल हो रहा है जिसमें समीर वानखेड़े के किरदार की एंट्री होती है। ऐसा लग रहा है कि खुद समीर वानखेड़े ही इस सीरीज के लिए काम कर रहे हैं। क्रूज पर पार्टी के दौरान ड्रग्स लेने के आरोप में समीर ने आर्यन खान को गिरफ्तार किया था और उनको जेल में भी रहना पड़ा था। हालांकि शाहरुख खान ने बाद में उनको निकाला और आरोप बेबुनियाद साबित हुए थे। यही कारण है कि आर्यन खान की छवि बिगाड़ने का काम करने वाले समीर को आर्यन ने इस सीरीज में जगह देते हुए सच्चाई सबके सामने रख दी है।





लक्ष्य लालवानी, बॉबी देओल, राघव जुयाल और सहर बांबा जैसे सितारे इस सीरीज के लीड रोल में नजर आ रहे हैं। बता दें कि सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है और कमाल कर रही है। रिलीज के बाद से ही वो नेटफ्लिक्स पर नंबर 1 पर ट्रेंड कर रही है। आर्यन खान और उनकी फैमिली इस सफलता से काफी ज्यादा खुश है। प्रीमियर इतने सितारों का हुजूम देखकर लोग हैरान हो गए थे।